

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 62 मंगलवार 14 अप्रैल 2026 बैशाख कृष्ण द्वादशी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 14 मूल्य : 05 रूपया


## नोएडा में मजदूरों का प्रदर्शन हिंसक: गाड़ियां जलाईं

**एजेंसी समाचार**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत मजदूर-कर्मचारियों का प्रदर्शन हिंसक हो गया। सड़कों पर उतरे श्रमिकों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ से लेकर आगजनी तक की घटनाओं को अंजाम दे डाला। नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक भयंकर जाम के हालात हैं। उधर, कर्मचारियों के आक्रामक रुख से कंपनी-फैक्ट्रीज में हड़कंप मचा है।

कर्मचारी और श्रमिक वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पिछले कई दिनों से जारी ये आंदोलन हिंसा में बदल गया। गुरुग्राम से शुरू ये विरोध नोएडा औद्योगिक क्षेत्र तक फैल गया। हालांकि गुरुग्राम में न्यूनतम वेतन में बढ़ोत्तरी के बाद अब नोएडा में कर्मचारी मजदूरी बढ़ाने पर अड़े हैं।

सोमवार को हालात तब बिगड़ गए जब कुछ प्रदर्शनकारी समूहों ने फैक्ट्रियों के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। नोएडा सेक्टर 62 स्थित मदरसन ग्रुप की फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जमकर हंगामा काटा। गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। कई वाहनों में आग लगा दी गई।

उग्र प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास करने पर उन्होंने पुलिस पर भी पथराव किया। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि इस बार उनकी वेतन बढ़ोतरी मात्र ढाई सौ से तीन सौ रुपये की गई है, जो महंगाई के मुकाबले काफी कम है।

उनकी मांग है कि न्यूनतम वेतन 18 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। मजदूरों का आरोप है कि वर्तमान में नोएडा की फैक्ट्रियों में औसत वेतन 10-15 हजार रुपये के बीच है। जिसमें गुजर-बसर करना मुश्किल है।

वहीं, एनसीआर क्षेत्र में निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों को लगभग 700 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जो महीने में करीब 21 हजार रुपये के बराबर होता है। जानकारी के मुताबिक, हजारों की संख्या में कर्मचारी पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन आज स्थिति अचानक बेकाबू हो गई।



कई औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनियों के बाहर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा जैसे बड़े औद्योगिक केंद्र में इस तरह के हिंसक प्रदर्शन से औद्योगिक शांति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन अब मजदूरों और कंपनी प्रबंधन के बीच बातचीत के जरिए समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है।

## नोएडा हिंसा पर डीजीपी का सख्त ऐलान: उकसाने वाले और बाहरी तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार को कहा कि पुलिस नोएडा में श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने वाले तत्वों की पहचान करके उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नोएडा में हिंसा भड़काने और अशांति फैलाने में शामिल 'उकसाने वाले तत्वों' और



'बाहरी तत्वों' का पता लगाया जा रहा है। कृष्ण ने कहा, "ऐसे तत्वों की पहचान हो जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

अधिकारियों ने बताया कि डीजीपी, अपर महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) अमिताभ यश सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष से नोएडा की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। डीजीपी का यह बयान नोएडा के कुछ हिस्सों में दिन की शुरूआत में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्ट्री श्रमिकों द्वारा किये गये हिंसक विरोध प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में आया है।

## पाकिस्तान में आशा भोसले को श्रद्धांजलि देने पर बवाल

### सरकार ने चैनल को भेजा कारण बताओ नोटिस

**एजेंसी समाचार**

**इस्लामाबाद।** दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन से पूरा संगीत जगत शोक में डूबा है। सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि सीमा पार भी आशा को याद किया जा रहा है। लेकिन अब पाकिस्तान में आशा भोसले के



श्रद्धांजलि से संबंधित कंटेंट दिखाने पर एक चैनल को नोटिस जारी किया गया है। पाकिस्तानी प्रसारक जियो न्यूज को आशा भोसले के निधन से जुड़ा कंटेंट दिखाने के लिए पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पीईएमआरए) द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चैनल के प्रबंध निदेशक ने आज यह जानकारी दी।

जियो न्यूज के प्रबंध निदेशक और पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संपादकों और समाचार निदेशकों के संघ के अध्यक्ष अजहर अब्बास ने पर यह खबर साझा की। उन्होंने पोस्ट में कहा, ह्यप्रतिष्ठित कलाकारों के बारे में रिपोर्टिंग करते समय उनके कार्यों को याद करना और उनकी सराहना करना हमेशा से एक परंपरा रही है।

वास्तव में, आशा भोसले जैसी कलाकार के लिए हमें उनके और भी सदाबहार और यादगार गीतों को साझा करना चाहिए था, जितना हमने किया। फिर भी पाकिस्तान के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक PEMRA ने इसे प्रतिबंधित करने का विकल्प चुना है।

### 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में बोले पीएम मोदी-

## इतिहास रचने के करीब संसद



**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद उस समय "नया इतिहास" रचेगी, जब 2029 में लागू करने के लिए इस सप्ताह महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन किया जाएगा। मोदी ने संसद के तीन दिन के विशेष सत्र से पहले यहां महिलाओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जब 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संबंधी विधेयक लाया गया था, तब सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया था और 2029 तक इसे लागू करने की सामूहिक मांग भी उठी थी।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से विपक्ष ने इस बात पर जोर दिया था कि विधेयक को 2029 तक लागू करना आवश्यक है। उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' नामक कार्यक्रम में कहा, "हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की परिकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। यह ऐसे भारत का संकल्प है, जो समतावादी हो, जिसमें सामाजिक न्याय केवल नारा न होकर हमारी कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो।"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार महिलाओं के सही मायने में सशक्तिकरण के लिए जीवन चक्र के हर पड़ाव के लिए विशेष योजनाएं बना रही है और उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। पीएम मोदी ने गुरुवार को संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित किये जाने से पहले उसकी पृष्ठभूमिका में यहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन चक्र के हर पड़ाव के लिए योजनाएं बनाई, उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया है।"

### अब और महंगा होगा पेट्रोल-डीजल?

## ट्रंप की घोषणा के बाद तेल में 8% उछाल, ब्रेंट 102 डॉलर के ऊपर

**एजेंसी समाचार**

**मास्कोः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी की घोषणा के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत का उछाल आया और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने सोमवार दोपहर (भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे) "ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले सभी समुद्री यातायात" की नाकेबंदी शुरू करने का संकल्प लिया।

जून का ब्रेंट क्रूड वायदा रविवार रात (भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के 3:31 बजे) तक पिछले बंद भाव से 7.76 प्रतिशत बढ़कर 102.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि मई का डब्ल्यू.टी.आई. वायदा 8.2 प्रतिशत बढ़कर 104.51 डॉलर पर पहुंच गया।



ट्रंप ने बुधवार रात को ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा की थी, जिसके बाद शनिवार को इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका दोनों देशों के बीच वार्ता शुरू हुई थी। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने रविवार सुबह घोषणा की कि लंबी बातचीत के बाद भी दोनों देश किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहे हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के स्वदेश वापस लौट रहा है।

## दिल्ली विधानसभा को फिर मिली बम की धमकी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को एक बार फिर धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया है। मेल में दावा किया गया है कि तीन घंटे के भीतर विधानसभा परिसर में साइनाइड गैस से भरे 15 आरडीएक्स बम धमाके किए जाएंगे। इस धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं। ईमेल में बेहद आपत्तिजनक और भड़काऊ बातें भी लिखी गई हैं।

इसमें कहा गया कि सभी मुस्लिम कर्मचारियों को तुरंत परिसर से हटा लिया जाए। साथ ही ईमेल में यह भी लिखा था, "किसी भी ब्राह्मण को डीएमके में शामिल नहीं होना चाहिए।" मेल में एसवी शेखर का नाम लेते हुए दावा किया गया कि उसके डीएमके में शामिल होने के कारण विधानसभा को निशाना बनाया जाएगा और उन्हें 'भाजपा ब्राह्मण एजेंट' बताया गया।

इससे पहले 25 मार्च को भी विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उस समय विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में जानकारी दी थी कि स्पीकर कार्यालय को एक ईमेल मिला था। उस मेल में 16 आरडीएक्स आईडी लगाए जाने का दावा किया गया था। धमकी को बेहद गंभीरता से लेते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। दिल्ली पुलिस का बम स्क्वॉड मौके पर पहुंचा और पूरे विधानसभा परिसर की गहन जांच की गई। फिलहाल जांच जारी है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे 15 भारतीय जहाज

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में भारत के 15 जहाज फंसे हुए हैं। जग विक्रम जहाज सुरक्षित पार हो चुका है, जो राहत की खबर है।

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता टूटने के बाद पश्चिम एशिया में हालात और बिगड़ गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य में बड़ी संख्या में जहाज फंसे हुए हैं। इसी बीच केंद्र सरकार ने होर्मुज में फंसे भारतीय जहाजों को लेकर अहम अपडेट दिया है। पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि होर्मुज में भारत के 15 जहाज फंसे हुए हैं। जिन्हें निकालने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है।




पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा कि मंत्रालय विदेश मंत्रालय (एमईए) के साथ समन्वय स्थापित कर होर्मुज जलडमरूमध्य में मौजूद 15 भारतीय ध्वज और स्वामित्व वाले जहाजों को वापस लाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहा है। इस मार्ग से नौकायन संभव होते ही इन जहाजों को सुरक्षित वापस लाया जाएगा।

केंद्र सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले या भारतीयों से जुड़े किसी भी जहाज से संबंधित कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

'जग विक्रम' की सुरक्षित यात्राः एक बड़ी राहत के रूप में, भारतीय ध्वज वाला एलपीजी पोत 'जग विक्रम' 11 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जहाज 20,400 मीट्रिक टन गैस और 24 नाविकों के साथ 14 अप्रैल को कांडला बंदरगाह पहुंचेगा। वर्तमान में भारत के सभी बंदरगाहों पर संचालन पूरी तरह से सामान्य है और कहीं से भी किसी प्रकार के कंजेशन (भीड़भाड़) की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।




# खुले नाले में फिर गिरी गाय, दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाली गई सकुशल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सेटेलाइट बस स्टैंड के पास युवक के गिरने की घटना अभी शांत भी नहीं हुई थी कि सोमवार शाम शहर में एक और लापरवाही सामने आ गई। बरेली कॉलेज तिराहा के पास खुले नाले में एक बेसहारा गाय गिर गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद नगर निगम और फायर टीम ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर नालों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे गोयल बुक डिपो के पास हुई। इलाके में खेल रहे बच्चों ने गाय को अचानक नाले में गिरते देखा, जिसके बाद तुरंत आसपास के लोगों और पार्षद जयप्रकाश राजपूत को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

पार्षद जयप्रकाश राजपूत मौके पर पहुंचे और नाले में उतरकर गाय को बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने तुरंत नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को वीडियो और फोटो भेजकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद नगर निगम की टीम और फायर ब्रिगेड को मौके पर रवाना किया गया। रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले गाय नाले के अंदर काफी दूर तक बहती चली गई थी। टीम ने मशीनों के संचालन में आ रही बाधा को देखते हुए नाले के स्लैब को तोड़ा और काफी प्रयासों के बाद गाय को बाहर निकाला। इस दौरान करीब दो घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा।

पार्षद ने बताया कि नाले का करीब चार फीट हिस्सा खुला हुआ था और वहां किसी तरह की बैरिकेडिंग या सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। यही वजह है कि आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि सूचना मिलते ही टीम भेजकर गाय को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि खुले नालों के आसपास बैरिकेडिंग कराई जा रही है। जहां भी कमी पाई जाएगी, वहां तुरंत सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। मुख्य अभियंता को रोजाना निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# रुद्र वनम से ग्रेटर बरेली तक सख्त जांच, गुणवत्ता पर वार

## वीसी का निरीक्षण, कार्यों की प्रगति परखी, लापरवाही पर कार्रवाई और समयसीमा में काम पूरा करने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'ग्रेटर बरेली' को लेकर अब प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। रुद्र वनम से लेकर ग्रेटर बरेली परियोजना क्षेत्र तक चल रहे विकास कार्यों की सोमवार को जमीनी हकीकत परखी गई, जहां गुणवत्ता और समयसीमा को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मणिकंडन ने सोमवार को पूरे प्रोजेक्ट क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों से एक-एक काम का अपडेट लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ठेकेदारों को चेतावनी, गुणवत्ता से समझौता नहीं

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय मानकों के अनुरूप ही पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता में कमी पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निगरानी और निरीक्षण की प्रक्रिया और तेज करने के निर्देश दिए। रुद्र वनम स्थित सेंट्रल पार्क का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई, हरियाली, लाइटिंग और अन्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। उपाध्यक्ष ने कहा कि यह पार्क शहर की पहचान बनने जा रहा है, इसलिए इसकी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए।

### ग्रेटर बरेली प्रोजेक्ट को बताया शहर का भविष्य

डॉ. मणिकंडन ने कहा कि ग्रेटर बरेली परियोजना शहर के सुनियोजित विकास की रीढ़ है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से शहर को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और बरेली की पहचान एक स्मार्ट और व्यवस्थित शहर के रूप में बनेगी। निरीक्षण के अंत में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों को तय समयसीमा में पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की देरी या ढिलाई पर जवाबदेही तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बीडीए के अन्य अधिकारी और संबंधित विभागों के कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे।

# पूर्व माफिया विधायक के पार्टनर समेत 25 की हिस्ट्रीशीट खुली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व माफिया विधायक अशरफ के पार्टनर फरहद खां उर्फ गुड्डू, पूर्व सपा पार्षद अकील उर्फ गुडडू, जिला बदर प्रापर्टी माफिया सुमित सक्सेना समेत 25 अपराधियों को एसएसपी अनुराग आर्य ने हिस्ट्रीशीटर बना दिया है। सभी की हिस्ट्रीशीट खोलने के बाद उनका एक स्पेशल कोड जारी किया गया है। सभी हिस्ट्रीशीटरों का उनके संबंधित थाने में हाजिरी रजिस्टर तैयार किया गया है। अब हर महीने उन्हें थाने जाकर अपनी हाजिरी देनी होगी।

इज्जतनगर के परतापुर जीवन सहाय निवासी मोहम्मद फरहद खां उर्फ गुड्डू उस वक्त सुर्खियों में था, जब बरेली के केंद्रीय कारागार-2 में बंद प्रयागराज के दिवंगत माफिया अतीक और अशरफ से उसने अवैध मुलाकातें की थीं। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब उसके पुराने नेटवर्क और संपर्कों की भी पड़ताल कर रही है। उसकी पार्टनरशिप फर्मों और मोबाइल सीडीआर, रजिस्ट्री कार्यालय से उसके काले कारनामों की सूची तैयार की जा रही है।

### पूर्व पार्षद समेत कई शातिर अपराधी रडार पर

इज्जतनगर के रहपुरा चौधरी का रहने वाला पूर्व पार्षद अकील उर्फ गुड्डू सपा का नेता है। उसके खिलाफ जानलेवा हमला और बलवा समेत 11 मुकदमे दर्ज हैं। इज्जतनगर के वीर सावरकर नगर निवासी सुमित सक्सेना के खिलाफ इज्जतनगर, प्रेमनगर, कोतवाली, बारादरी में 11 आपराधिक एफआईआर दर्ज हैं। दो महीने पहले डीएम अविनाश सिंह ने सुमित सक्सेना को जिला बदर भी किया था। इसके अलावा कैंट थाने में दानिश उर्फ आफताब और चनेहटी निवासी जावेद को भी निगरानी सूची में शामिल किया गया है। वहीं सुभाषनगर थाने में रोहित उर्फ कल्लू, रवि राणा, गुड्डू उर्फ मसरूर, गौरव, संगम गुप्ता, आकाश गुर्जर, विक्की, उस्मान उर्फ पाशा, अजय उर्फ गुल्ला, इज्जतनगर थाने में शिवम उर्फ गोलू, विकास कश्यप उर्फ भल्ला, सचिन कुमार, राहुल मौर्य और सलमान व आंवला में राशिद सैफी, फारुख कुरैशी, इस्लाम अली, रईस उर्फ सोना, मुशर्रफ खां और नबावगंज थाने में बबलू उर्फ बौरा की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, गोकशी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज रहे हैं।

### हिस्ट्रीशीटरों पर रहेंगी पुलिस की खुफिया निगाहें

एसएसपी अनुराग आर्य ने हिस्ट्रीशीटरों का एक स्पेशल कोड जारी किया है। सभी की हिस्ट्रीशीट बी कैटेगरी में खोली गई है। ऐसे आरोपियों को अभ्यस्त अपराधी माना जाता है, जो कि समाज के लोगों को डरा धमकाकर गलत तरीके से काली कमाई करते हैं। एसएसपी ने बताया कि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह कार्रवाई की गई है। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद अब इन सभी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।

पुलिस की टीमें इनके मूवमेंट, संपर्क और आर्थिक गतिविधियों की भी निगरानी करेंगी। ऐसे अपरधियों के पार्टनर और इन्हें सरंक्षण देने वालों पर भी कानूनी शिकंजा कसा जायेगा। इनके नेटवर्क में शामिल सभी लोगों की क्राइम कुंडली तैयार की जा रही है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि अपराधी की एक बार हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद वह बंद नहीं होती है। व्यक्ति के जीवित रहने तक हिस्ट्रीशीट खुली रहती है। उसे थाने में जाकर हाजिरी देनी होती है।

# ड्यूटी से गायब 5 हेड कांस्टेबल समेत 8 पुलिसकर्मी सस्पेंड

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पुलिस महकमे में लापरवाही और अनुशासनहीनता पर एसएसपी अनुराग आर्य ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा एक्शन लिया है। लगातार गैरहाजिर रहने और गंभीर आरोपों के चलते पांच हेड कांस्टेबल समेत तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से पूरे पुलिस विभाग में खलबली मच गई है।

एसएसपी की जांच में सामने आया कि कई पुलिसकर्मी स्वीकृत अवकाश खत्म होने के बाद भी ड्यूटी पर नहीं लौटे और बिना सूचना लंबे समय तक गैरहाजिर रहे। ऐसे मामलों में हेड कांस्टेबल विजय कुमार, राजवीर सिंह, सुनील कुमार और सिपाही राजू सिंह व बोबी कुमार पर कार्रवाई की गई। सभी के खिलाफ अनाधिकृत गैरहाजिरी को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए निलंबन किया गया।

रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल विनेश कुमार को ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित पाए जाने और लगातार गैरहाजिर रहने पर सस्पेंड किया गया। वहीं सिपाही अनिल चौधरी भी चौकी क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान गायब मिले, जिसके बाद उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई। हेड कांस्टेबल अनुज कुमार पर कार्य और आचरण से जुड़ी शिकायतें मिलीं। जांच में दुर्व्यवहार की पुष्टि होने पर उन्हें भी निलंबित कर दिया गया। एसएसपी अनुराग आर्य का कहना है कि पुलिस की छवि खराब करने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विभागीय जांच शुरू, आगे और कार्रवाई के संकेत

एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी निलंबित पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक जांच के बाद दोषी पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के जरिए पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि ड्यूटी में लापरवाही, गैरहाजिरी और अनुशासनहीनता किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। महकमे में अब अन्य कर्मियों के बीच भी सतर्कता बढ़ गई है।

# खोखे में मिली महिला की लाश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब रोड नंबर आठ के समीप एक चाय के खोखे में करीब 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर इज्जतनगर थाना पुलिस और यूपी-112 टीम के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक सुबह सूचना मिली कि नैनीताल हाईवे किनारे रोड नंबर आठ के पास एक खोखे में महिला का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की और शव को कब्जे में ले लिया। अचानक हुई इस घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है।

मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार महिला ने नीले-काले रंग की फूलदार कुर्ती और पीले रंग की सलवार पहन रखी थी। उसके शरीर पर कई पहचान चिन्ह भी मिले हैं, जिनके आधार पर शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। दाहिने हाथ पर 'ओम', 'रामधनी', दिल का निशान और अंग्रेजी में 'क्क्षश्ठ्ठद्ध' लिखा है। बाएं हाथ पर 'क्क', 'रोहित', 'सुनील', 'पूनम' और 'राजेंद्र' नाम गुदे हुए हैं। गले में एक लॉकेट भी मिला है, जिस पर उर्दू में कुछ लिखा हुआ है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि महिला के शरीर पर किसी प्रकार के गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं। इसके बावजूद जिस परिस्थितियों में शव मिला है, उसे देखते हुए मामला संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है और हर पहलू से जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। साथ ही आसपास के थानों में महिला के हुलिए और शरीर पर बने टैटू की जानकारी साझा की जा रही है, ताकि उसकी पहचान जल्द से जल्द हो सके। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

# पासपोर्ट कार्यालय को फिर बम से उड़ाने की धमकी



- खाली कराया गया दफ्तर, मची अफरा-तफरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** डीडी पुरम स्थित पासपोर्ट कार्यालय को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। ईमेल के जरिए मिली इस धमकी ने प्रशासनिक महकमे में अफरा-तफरी मचा दी। सूचना मिलते ही पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया और पूरे परिसर को खाली कराकर सघन जांच अभियान शुरू किया गया।

धमकी भरे ईमेल में दोपहर 1:10 बजे विस्फोट का समय लिखा था। अलर्ट के बाद पासपोर्ट अधिकारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। दोपहर एक बजे से लेकर करीब डेढ़ बजे तक पूरे कार्यालय का स्टाफ बाहर खड़ा रहा। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने हर कमरे, फाइल सेक्शन और लोगों के बैग तक की गहन तलाशी ली। करीब डेढ़ घंटे तक चली सघन जांच के बाद भी कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद टीम ने राहत की सांस लेते हुए कार्यालय को फिर से सामान्य रूप से संचालित करने की अनुमति दे दी। हालांकि पूरे घटनाक्रम के दौरान इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### साइबर सेल जुटी, पहले भी मिल चुकी है धमकी

पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि ईमेल भेजने वाले का कोई नाम-पता नहीं है और इस बार भाषा भी पहले से अलग है। साइबर सेल की टीम ईमेल के आईपी एड्रेस के जरिए आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले 27 मार्च को भी इसी पासपोर्ट कार्यालय को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और जिले में शांति व्यवस्था सामान्य है। आम जनता को किसी तरह की अफवाहों से बचने और घबराने की जरूरत नहीं है।

### कई जिलों में अलर्ट, बदायूं में भी जांच

ईमेल में बरेली के अलावा बदायूं और पीलीभीत के पासपोर्ट सेवा केंद्रों का भी जिक्र किया गया था।

इसके चलते इन जिलों में भी पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। बदायूं में डाकघर और पासपोर्ट कार्यालयों पर विशेष टीमों ने घंटों तक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# बदायूं से सीधी ट्रेन सेवा शुरू, केंद्रीय मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** सोमवार को जिले को बड़ी रेल सौगात मिली, जब केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने बदायूं से नई दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। बदायूं रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में उद्घाटन विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाते ही यात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। स्टेशन परिसर लोगों से खचाखच भरा रहा और इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नई ट्रेन सेवा से बदायूं, कासगंज और एटा के यात्रियों को राजधानी तक सीधा और सुविधाजनक सफर मिलेगा। अब तक इन जिलों के लोगों को दिल्ली जाने के लिए कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती थी, लेकिन इस सेवा के शुरू होने से यात्रा आसान हो जाएगी। इसके साथ ही मुरादाबाद के रास्ते उत्तराखंड जाने वाले यात्रियों को भी बेहतर कनेक्टिविटी का फायदा मिलेगा।

इस रेल सेवा से क्षेत्र के कृषि और वन उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। इससे किसानों और स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि यह सेवा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि बदायूं को गंगा एक्सप्रेसवे, रिंग रोड और फोरलेन हाईवे जैसी परियोजनाओं की सौगात भी मिल चुकी है।

रेल मंत्रालय ने 14315/14316 बरेली-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस के मार्ग को कासगंज तक विस्तार देने की मंजूरी दी है। इसी क्रम में 05303 बदायूं-नई दिल्ली उद्घाटन विशेष ट्रेन सोमवार दोपहर 12 बजे बदायूं से रवाना हुई, जो रात 8 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 14 कोच लगाए गए हैं, जिनमें सामान्य, आरक्षित कुर्सीयान और वातानुकूलित डिब्बे शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने संकेत दिए कि जल्द ही बदायूं से लखनऊ के लिए भी सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की योजना है। इससे छात्रों, व्यापारियों और आम यात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

### स्टेशन पर जश्न जैसा माहौल, फूल बरसाकर किया स्वागत

उद्घाटन के मौके पर स्टेशन परिसर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। किसानों ने ट्रेन पर फूल बरसाकर खुशी जाहिर की, वहीं महिलाएं और बच्चे सेल्फी लेकर इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाते दिखे। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक समेत कई जनप्रतिनिधि और रेलवे अधिकारी मौजूद रहे। वहीं 05303 बदायूं-नई दिल्ली उद्घाटन विशेष ट्रेन दोपहर 12:00 बजे बदायूं से रवाना होकर बरेली जंक्शन, भिटौरा, नगरिया सादात, रामपुर जंक्शन, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ जंक्शन, पिलखुआ, गाजियाबाद, साहिबाबाद, आनंद विहार, तिलक ब्रिज और शिवाजी ब्रिज होते हुए रात 20:00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# खेतों में लगी आग, 200 बीघा गेहूं खाक

## किसानों की सालभर की मेहनत राख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के सिगौती गांव में सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अचानक गेहूं के खेतों में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की तेज लपटों ने करीब 200 बीघा तैयार खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे किसानों की सालभर की मेहनत कुछ ही घंटों में राख में बदल गई। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और किसान बदहवास होकर आग बुझाने में जुट गए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक तेज हवा के चलते आग तेजी से एक खेत से दूसरे खेत में फैलती चली गई। कुछ ही मिनटों में आग ने कई किसानों के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। हालात इतने भयावह हो गए कि ग्रामीणों के पास आग पर काबू पाने का कोई साधन नहीं बचा और चारों ओर चीख-पुकार मच गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत फायर ब्रिगेड को अलर्ट किया गया। आग की भयावहता को देखते हुए बहेड़ी के अलावा बरेली और किच्छा से भी दमकल की अतिरिक्त गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं।

कई घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गई थीं। आग बुझाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कई दमकल यूनिट्स और पुलिसकर्मी मिलकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे।

इस अग्निकांड ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जो फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, वह जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों के सामने अब आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग उठाई है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आग कैसे लगी। वहीं, राजस्व विभाग की टीम को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

# टेट अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस

## विधेयक पारित करने की उठी मांग, बीएसए कार्यालय में एकत्र हुए शिक्षक






टेट अनिर्वायता के विरोध में मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** टेट की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक बीएसए ऑफिस में एकत्र हुए जहां एक सभा हुई। इसके बाद शिक्षकों द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। शाम 6:30 बजे बीएसए कार्यालय से शुरू होकर गांधी समाधि तक पहुंचा।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि 17 अक्टूबर 2017 को केंद्र सरकार द्वारा आरटीई में संशोधन कर सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया था, जिसे गोपनीय रखा गया। बाद में 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे उजागर करते हुए सभी शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टेट उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया, जो अन्यायपूर्ण है कहा कि टेट की शुरुआत अगस्त 2011 में आरटीई लागू होने के बाद हुई थी, ऐसे में आरटीई से पहले नियुक्त शिक्षकों पर इसे लागू करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्यसभा सांसद द्वारा विधेयक भी प्रस्तुत किया गया है, जिसे केंद्र सरकार से शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन जारी रहेगा।

**जुलूस में ये रहे मौजूद**

कैलाश बाबू पटेल, आनंद प्रकाश गुप्ता, आलोक कुमार मिश्रा, दिगपाल गंगवार, रवेन्द्र गंगवार, राजपाल मौर्य, राम बहादुर, जगदीश पटेल, अनुपम कुमार, डॉ. एहसान खां, सतीश गिरोह, राजेश खन्ना, गोविंद सिंह, उमा कांत, संजय कुमार, नासिर अली, छत्रपाल सिंह यादव, सुषमा रानी, वीरांगना मांगलिक, तहसीन आलम खां, मनोज कुमार सागर, कुलदीप सिंह, अरविन्द गंगवार, हसन अब्बास, गजेंद्र पाल सिंह, मोहम्मद खालिद अली, लुबना उस्मानी, इफ्तेखार अली, राजीव कुमार शर्मा, मोहम्मद खलील अहमद, शबनम आरा, मुजाहिद खां, अफजल अहमद, अशोक बाबू, सुरेंद्र सिंह, आनंद सिंह भंडारी, मनोज भारती, राजेंद्र सिंह, शैलेन्द्र राठौर, किरन भारद्वाज, अभिषेक राजन, प्रफुल्ल सेन गुप्ता, मोहित कुमार यादव, सूर्य प्रकाश गंगवार, मेधाकांत मिश्रा, नाजिम अली, दीपक कुमार गुप्ता, सुदेश कुमार सक्सेना, देशराज सिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. सुमन अरोरा, राजेश सिंह, प्रमोद कुमार, अंकुर चौहान, उमेश कुमार सिंह, सौरभ कपूर, वकील अहमद, मेहर लका बी, गौहर अली, साजिद अली आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई जयंती

**रामपुर।** फूटा महल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी गई। बाबा साहब के चित्र पर पुष्प वचन किया गया। प्रधानाचार्य नन्द किशोर समोनिया ने बाबा साहब के जीवन में आने वाली कठिनाई उन कठिनाइयों को सहन करने के बाद जो विश्व में ख्याति पाई उसका वर्णन किया। विशेष रूप से प्रधानाचार्य ने बताया कि आज पूरे भारत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश तमाम पदाधिकारी जो शपथ ग्रहण करते हैं वह बाबा साहब के बने हुए संविधान के अनुसार करते हैं। आगे बताया गया कि हमें भी बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

### पालिका में देखा गया शक्ति वंदन सम्मेलन

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव नारी शक्ति वंदन सम्मेलन देखा गया। इस दौरान महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। महिला आरक्षण अधिनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम, ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने नगर पालिका महिला स्टाफ एवं वार्ड सभासद महिलाओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण देखा। जिसमें महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। महिला आरक्षण अधिनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाने को कहा गया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की है, जैसे कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मातृ वंदना योजना। इसके अलावा, महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### फिलिस्तीनी राजदूत के कार्यक्रम को लेकर उलेमा से मिले नवेद मियां

**रामपुर।** भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद अबू शावेश रामपुर आएंगे। वो सौलत पब्लिक लाइब्रेरी और जामा मस्जिद का दौरा करेंगे। राजदूत बुद्धिजीवियों और उलेमा से भी मिलेंगे। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने सोमवार को नूर महल में उलेमा के साथ बैठक कर फिलिस्तीन के राजदूत के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। नवेद मियां ने ईरान और फिलिस्तीन के हालात पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के इंसाफ पसंद लोगों को एकजुट होकर जुल्म और ज्यादती का विरोध करना चाहिए। नवेद मियां ने बताया कि उन्होंने फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद अबू शावेश से मुलाकात कर रामपुर आने का आग्रह किया था।

## गोवंश को बचाने में बरातियों भरी कार पलटी, चार घायल

जागरण मोर्चा, संवाददाता



क्षतिग्रस्त कार।

**शाहबाद।** नगर से बरेली जा रही बरातियों भरी कार गोवंश को बचाने के चक्कर में पलट गई। हादसे में कार सवार चार दोस्त जख्मी हो गए। सभी को आनन फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

रविवार रात शाहबाद नगर के मोहल्ला बेदान निवासी ज़ाकिर अल्वी के बेटे ताहिर की बरात बरेली जा रही थी। बरात में शामिल होने के लिए मोहल्ला बेदान निवासी हाशिम अपने तीन दोस्तों के साथ आर्टिका कार से बरेली जा रहे थे। रास्ते में सिरौली थाना क्षेत्र के शिवपुरी के पास उनकी कार के सामने एक गोवंश आ गया। गोवंश को बचाने के चक्कर में चालक हाशिम ने संतुलन खो दिया। कार अनियंत्रित होकर पलटकर एक पेड़ से जा टकराई। गनीमत रही कि कार सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोटें नहीं आईं। सभी घायलों को निजी चिकित्सक के यहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बारातियों में खलबली मच गई। अर्टिगा सवार चारों दोस्तों के बरेली पहुंचने पर शादी की रस्में पूरी हुई।

## बीएड के छात्रों ने आयोजित की पोस्टर प्रतियोगिता

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान एवं जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी के निर्देशन में राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड के छात्र अध्यापकों एवं छात्र अध्यापिकाओं के मध्य सड़क सुरक्षा जीवन रक्षक के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित चिह्नों की पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेमपाल सिंह, जिला संगठन कमिश्नर नरवंत कौर ने किया। कार्यक्रम में छात्र अध्यापकों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित चिन्ह के सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाए। पोस्टरों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जनता को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता रहे न्यायिक कार्य से विरत

- समस्या का समाधान न होने पर करेंगे डीएम, कमिश्नर से मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय




तहसील परिसर में बने चैंबरों में बैठे अधिवक्ता। –जागरण मोर्चा

**टांडा।** तहसील न्यायालयों एवं कार्यालयों में समय से कार्य न होने एवं भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच अधिवक्ता सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। 9 एवं 10 अप्रैल को भी सांकेतिक हड़ताल पर थे।

स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान न होने पर अब बार वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी व मंडलायुक्त से मिलकर समस्याओं से अवगत कराने की बात कही है। स्थानीय तहसील अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों एवं कार्यालयों में समय से काम न होने तथा भ्रष्टाचार पनपने का आरोप लगाते हुए बार वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता 9 व 10 अप्रैल को सांकेतिक हड़ताल पर थे। इसकी सूचना बार एसोसिएशन द्वारा उपजिलाधिकारी सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को लिखित में दे दी गयी थी। अधिवक्ताओं का आरोप है कि न्यायालयों में पारदर्शिता के साथ समय पर कार्य नहीं हो रहे हैं। बार अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान और महासचिव प्रथी सिंह सैनी का कहना है कि इस सिलसिले में कई बार स्थानीय अधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। पूर्व में हड़ताल भी हुई थी। जिसे अधिकारियों के समय पर कार्य करने के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद न तो अधिकारियों और कर्मचारियों के रवैये में कोई बदलाव आया। समस्याओं का कोई उचित समाधान निकला।

सोमवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। जिसमें स्थानीय स्तर पर कोई समाधान न निकलने पर बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सतपाल सिंह, महासचिव प्रथी सैनी सहित अनिल कुमार भारद्वाज और दिनेश कुमार चौहान आदि अधिवक्त मौजूद रहे।

## चेकिंग: बिजली चोरी पर 8 उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज

- पीला तालाब, पक्का बाग और नवाबगेट क्षेत्र में हुई चेकिंग

जागरण मोर्चा, कार्यालय



शहर के मोहल्ला मोम का ताजिया में चेकिंग कराते सहायक अभियंता।

**रामपुर।** बिजली चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए शहर के कई मोहल्लों में चेकिंग की। चेकिंग के दौरान 8 उपभोक्ताओं के चोरी मिली। इन सभी के खिलाफ धारा 135 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार को सहायक अभियंता रेड विकार अहमद ने बताया कि शहर के मोहल्ला पक्का बाग, पीला तालाब, नवाबगेट क्षेत्र की मस्जिद जसौदी पधान, मोम का ताजिया में चेकिंग हुई। चेकिंग के दौरान 8 उपभोक्ताओं के चोरी से बिजली जलती हुई। चोरी मिलने पर सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह विद्युत चोरी ना करें। जिन लोगों के पास विद्युत कनेक्शन नहीं है वह झटपट पोर्टल पर आसानी के साथ संयोजन प्राप्त करें, विद्युत चोरी को बढ़ावा ना दें। बिजली चेकिंग होने से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। चेकिंग होने की सूचना मिलने पर उपभोक्ताओं ने आनन फानन में तार निकाल लिए। चेकिंग होने पर उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा।

## युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

**स्वार, संवाददाता।** युवक अपने परिजनों की मदद से युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने पीड़ित की ओर से चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

नगर निवासी व्यक्ति मजदूरी का काम करता है। उसकी बेटी घर पर अकेली थी। इस दौरान मौहल्ला अगलगा निवासी अरमान, इस्लाम, इकराम और इकबाल घर में अकेली युवती कौ दैख घुस आए और बहला फुसला कर युवती को भगा ले गए। परिजनों ने युवती को काफी तलाश किया। लेकिन युवती का कोई पता नहीं लग सका। युवती के परिजनों ने आरोपियों के परिजनो से भी वापस देने को कहा तब युवक के परिजन आग बबूला हो गए और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। थक हारकर युवती के पिता ने सोमवार को चारों आरोपियों को नामजद कर तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

## नारी शक्ति वंदन अभियान, अंबेडकर जयंती को सफल को बनाने पर चर्चा

- बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की बनाई रूपरेखा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



नगर में आयोजित बैठक में शामिल जिला महामंत्री व अन्य।

**टांडा।** नगर मण्डल में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने नारी शक्ति वंदन अभियान, बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संयोजकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न की स्कूटी बाइक रैली ,महिला सम्मेलन कार्यक्रम की चर्चा हुई।

बैठक में नारी शक्ति के सशक्तिकरण और संविधान निर्माता बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आगामी रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश सैनी, महामंत्री उमेश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष रोहित शर्मा, किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान,जिला उपाध्यक्ष अमृत रंधावा, हिमांशु ठाकुर, कपिल शर्मा, सरकारी संघ टांडा के अध्यक्ष करण सिंह सैनी, पूर्व सभासद चुन्नीलाल सैनी, सेक्टर संयोजक रामस्वरूप सैनी, जिला कार्यकारिणी के सदस्य अश्वनी वर्मा आदि मौजूद रहे।

## 17 क्रय केंद्रों की हुई वृद्धि, संख्या हुई 131

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** गेहूं खरीद में आ रही किसानों की परेशानियों को देखते हुए जिलाधिकारी क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ा दी है। खरीद के लिए 17 और नए केंद्र बनाए हैं। नए केंद्र खुलने से संख्या 131 पहुंच गई है। जिससे किसानों को खरीद में किसी भी प्रकार की परेशानी न आए।

डिप्टी आरएमओ प्रिंस चौधरी ने बताया कि जनपद में प्रत्येक क्रय केंद्र को उपलब्ध बोरों के सापेक्ष न्यूनतम 500 बोरा उपलब्ध कराए हैं।

वर्तमान में विभिन्न क्रय केंद्रों पर किसानों की गेहूं की आवक हो चुकी है। इस वर्ष क्रय केंद्रों पर उन्हीं किसानों से गेहूं खरीद किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिनके पास किसान पहचान पत्र, फार्मर आईडी उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया है किसानों के पंजीकरण प्रपत्र में दर्ज विवरण का मिलान किसान पहचान पत्र, फार्मर आईडी के करके प्रपत्रों की छायाप्रतियों को केंद्र पर संबंधित किसान से प्राप्त कर केंद्र के अभिलेखों से सुरक्षित किया जाए।

वर्तमान में जनपद में बिलासपुर, केमरी ,टांडा, मिलक, रामपुर, शाहबाद के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में गेहूं क्रय केंद्र संचालित है।

**अमृत संचार** गुरुद्वारा सिंह सभा में बैसाखी पर हुआ अमृत संचार

## हर सिख फर्ज बनता है कि वह अमृत पान करें : निर्मल सिंह

जागरण मोर्चा, कार्यालय



सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम मे शामिल लोग। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** गुरुद्वारा सिंह सभा में बैसाखी पर अमृत संचार हुआ। जिसमें 25 प्राणियों ने अमृत संचार किया। इस मौके पर हापुड़ के मोकम सिंह और उनके साथी के द्वारा अमृत संचार कराया गया।

इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने कहा कि हर सिख फर्ज बनता है कि वह अमृत पान करें अमृत पान किए बिना सिख अधूरा है आज जिन प्राणियों ने अमृत संचार किया है वह बधाई के पात्र हैं।

इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान निर्मल सिंह, सरदार मनमीत सिंह ने हापुड़ से आए भाई मोकम सिंह व उनके साथियों को सिरोंपा भेंट किया गया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कल 14 अप्रैल को बैसाखी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा संगत को निहाल किया जाएगा गुरु का अटूट लंगर की सेवा की जाएगी अखंड पाठ साहब की समाप्ति सुबह 9 बजे, शाम 4 बजे तक दीवान चलेगा। गणमान्य लोगों को कमेटी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सरदार निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, जसपाल सिंह, अमरजोत सिंह कपूर, अवतार सिंह, ग्रंथि सुरजीत सिंह, जगमोहन सिंह, निवाना, निरवैर सिंह, इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे।

## खेत पर कब्जे को लेकर विवाद, मारपीट में कई नामजद

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**स्वार, संवाददाता।** खेत पर कब्जे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपियों ने भाई के सामने ही बहन के साथ अश्लील हरकतें करते कपड़े फाड़ दिए। जब भाई ने विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोग रविवार को उसके खेत पर जबरन कब्जा करने पहुंचे।

विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके भाई के सामने अश्लील हरकते करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए गए जान से मारने की धमकी दी गई। जब उसके भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सोमवार पीड़िता ने पुलिस को नाजिम, दानिश, रिजवान सहित अन्य अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ दो को पकड़ा

**रामपुर।** दिल्ली से चोरी की गयी बाइक के साथ सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस ने दो पकड़ा है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर दिया है। सोनू निवासी बरेली गेट, विक्की को कपडा मिल स्टेडियम के पास से एक तमंचा 12 बोर, 2 कारतूस 12 बोर, एक चाकू, 1 मोटर साइकिल बजाज पल्सर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक पवन कुमार, सतेंद्र कुमार शर्मा मौजूद रहे।

### कार्यालय पर आज मनाई जाएगी जयंती

**रामपुर।** जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के मौके पर दोपहर 12 बजे एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगराध्यक्ष आसिम राजा ने बताया कि कार्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहब के यौमे पैदाइश के मौके आंबेडकर जयंती मनाई जाएगी। सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता में कार्यक्रम में शामिल हो।

# वर्टिकल सिस्टम लागू होने से शहर की आपूर्ति ठपः शैलेंद्र

## नवाबगेट बिजलीघर में व्यापारियों ने बिजली आपूर्ति को लेकर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने पर बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई है। इसके होने से अधिकांश मोहल्लों में आपूर्ति घंटों-घंटों तक ठप हो रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में तमाम व्यापारी एकत्र होकर नवाबगेट बिजलीघर पहुंचे। जहां उन्होंने बिजली की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सहायक अभियंता एमबी सिंह को सौंपा। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में लगातार हो रही बाधित विद्युत आपूर्ति एक गंभीर समस्या हो गई है। जिससे व्यापारियों, आम जनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


नवाबगेट बिजलीघर में सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य। -जागरण मोर्चा

बार-बार ट्रिपिंग और बिजली न होने के कारण जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कभी ओवरलोड, फाल्ट या कभी ट्रिपिंग, कभी अग्रिम सावधानी बरते जाने के कारण विद्युत् सप्लाई बन्द कर दी जाती है। पतंगबाजी को आधार बना कर, पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई के नाम पर भी लगातार विद्युत् आपूर्ति बन्द नहीं किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद शम्सी, जिला महामंत्री शुऐब मोहम्मद खां, नगर अध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष शाकेब शम्सी, जिला युवा महामंत्री चंद्र प्रकाश रस्तोगी, जिला संगठन मंत्री नजमी खां नगर उपाध्यक्ष फर्रुख सऊद आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर का विरोध, सड़कों पर उतरे कांग्रेसी, आंदोलन की चेतावनी

- कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर कांग्रेसी सड़कों पर उतर आए। कलेक्ट्रेट विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य। -जागरण मोर्चा

जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार निक्कू पंडित के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि बिना जन सहमति और जानकारी के लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। जबकि आम जनता इससे परेशान हो रही है। कहा कि जब पुराने मीटर ठीक से कार्य कर रहे हैं तो उन्हें हटाने का कोई औचित्य नहीं बनता। ऐसे में स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएं। कहा कि भारत सरकार द्वारा संसद लोकसभा में स्पष्ट किया गया है कि प्रीपेड बिजली मीटर अनिवार्य नहीं हैं, बल्कि यह उपभोक्ता की स्वैच्छिक पसंद पर आधारित हैं।

इसके बावजूद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपभोक्ताओं को भयभीत कर, कनेक्शन काटने की धमकी देकर मीटर बदल रहे हैं। कहा कि गैस वितरण में अनियमित्ता, कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व विधायक संजय कपूर, मुर्तीउर रहमान खां बब्लू, बाकर खां, राजेश, ताहिर रजा खां, दुर्गेश मौर्य, कपिल चौधरी, नोमान मुम्ताज खां, सचिन त्रिवेदी, एसके अग्रवाल, शारिब अली खां, चितरंजन श्रीवास्तव, सतनाम सिंह, मोहम्मद जकी, राम गोपाल सैनी, मुईन पठान, जफर अलही गुड्डू, मुकर्रम मियां, शाहजमान आर्य आदि मौजूद रहे।

# कंपोजिट स्कूल में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

- शिक्षकों ने बाबा साहब के जीवन पर डाला प्रकाश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ब्लॉक सैदनगर के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में भारतीय संविधान के पिता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आंबेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियां प्राप्त की। विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किए थे।


डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते बच्चे। -जागरण मोर्चा

व्यवसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे। शिक्षक चिरंजनजीव गुड्डू ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए। पत्रिकाओं को प्रकाशित की। उन्होंने दलितों के लिए राजनीतिक अधिकारों की तथा सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकर सन 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था। सन 1990 में उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। 14 अप्रैल को उनका जन्मदिवस आम्बेडकर जयंती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है। इस अवसर पर कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बारिश से नष्ट हुई फसलों का कराया जाए सर्वे

- कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। किसानों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि जिला रामपुर के अंतर्गत मिलक, बिलासपुर, शाहाबाद, स्वार, टांडा पूरे जिले की मंडियों में किसानों के साथ समस्या है कि गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है।


कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

कहा कि किसी भी केंद्रों पर बोरे ना होने की बात कहकर किसानों को टाला जा रहा है। मंडियों में 2200 से 2300 रूपये तक की खरीद की जा रही है। जोकि एमएसपी मूल्य पर खरीद नहीं की जा रही है। बे मौसम बारिश के कारण जो गेहूं की फैसलें बर्बाद हुई जो किसान का नुकसान हुआ हैं अभी तक उसका सर्वे नहीं कराया गया है। अभी तक किसानों को कोई राहत नहीं दी गई है। ज्ञापन देने वालों में सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खां, विजयपाल कश्यप, रामदास कोहली, सूरजपाल यादव, मुताहिर खां, मुशीब अली खां, ज़िला मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खान आदि मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति योजना में जनपद के छात्र-छात्राओं को राहत

- तकनीकी कारणों से वंचित छात्रों को मिलेगा दोबारा मौका, जल्द खुलेगा पोर्टल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से किसी भी कारणवश वंचित रह गए छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण विभाग द्वारा जल्द ही पोर्टल को दोबारा खोला जाएगा जिससे छूटे हुए पात्र छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ मिल सके। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी योग्य छात्र को केवल तकनीकी या अन्य कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। दोबारा पोर्टल खोलकर सभी पात्र छात्रों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से छात्रवृत्ति की धनराशि सीधे उनके खातों में उपलब्ध कराई जाए, जिससे उनकी पढ़ाई जारी रह सके।

### तकनीकी समस्या होगी दूर, प्रक्रिया होगी पूरी

समाज कल्याण विभाग द्वारा बताया गया है कि तकनीकी कारणों से नेशनल इंफॉर्मेटिक सेंटर एनआईसी द्वारा मास्टर फीस प्रोसेस नहीं हो सकी थी। इसके चलते कई छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। विभाग ने बताया कि इस समस्या का समाधान किया जा रहा है और जल्द ही पोर्टल दोबारा खोलकर छात्रवृत्ति खाते में दी जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि पिछले वर्ष 2024-25 में 50 से अधिक छात्रों को दोबारा खुले पोर्टल का लाभ मिला था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के तहत विभाग द्वारा 5104 छात्रों को कुल रुपये 565 .81 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई थी। इन योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 3855 छात्रों को रुपये 434 .85 लाख, सामान्य वर्ग के 1249 छात्रों को रुपये 130 .96 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

# कुंडेश्वरी उत्तराखंड को 4-2 से हराकर मेरठ ने जीता फाइनल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** क्रीड़ा भारती अंबेडकर क्लब की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल कुंडेश्वरी उत्तराखंड और मेरठ के बीच में महात्मा गांधी स्टेडियम में खेला गया। फाइनल मैच में मेरठ की टीम के द्वारा प्रथम गोल कर बढ़त बनाई गई। उसके बाद पुनःमेरठ द्वारा दूसरा गोल करके कुंडेश्वरी की टीम को दबाव में ला दिया। लेकिन दूसरे हाफ में कुंडेश्वरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अजय और अमन ने दो गोल कर मैच के दौरान 2-2 से बराबरी किया।



इसके बाद समय समाप्त होने के कारण मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट द्वारा किया गया। जिसमें मेरठ की टीम ने दो गोल मारकर 4-2 से विजेता बनी। अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। विजेता टीम को शानदार ट्रॉफी ओर 10000 रूपये की नकद राशि की गई। उपविजेता टीम को शानदार ट्राफी और 5000 रूपये की नकद राशि प्रदान की गई। निर्णायक अजीत कुमार लाइनमैन सुभम और आदित्य एवं अंबेडकर क्लब के आयोजन से जुड़े हुए सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। सबसे ज्यादा गोल अजय कुमार कुंडेश्वरी के द्वारा किया गया। जिसे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार जिला उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती रामपुर मकसूद प्रबंधक, आर एस पब्लिक स्कूल,कुमार एकलव्य, हरीश डुडेजा, तुषार शर्मा विभाग संयोजक कीड़ा भारती फरहत अली खान प्रशिक्षक हॉकी डॉ. अनूप कुमार सिंह, प्रेम खत्री अभिषेक लाल विकास कुमार आकाश बाबू महेश कुमार नीरज चौहान राजेंद्र कुमार अमित चौहान कन्नौज नितिन वरुण राज इशरत अली यीशु एवं कमेंटेटर विजेंद्र कुमार जावेद खा एव हजारों दर्शकगण उपस्थित होकर फाइनल मैच का आनंद लिया।

### फाइनल मैच में यह रहे मुख्य अतिथि

फाइनल मैच के भाजपा नेता मुख्य अतिथि भारत भूषण गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मामून शाह समाजसेवी, पारुल अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र गोयल वरिष्ठ समाजसेवी, डॉ.दशरथ सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वीरेश भीम अनार्य राष्ट्रीय प्रमुख भावाधस भीम द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को बुके भेंटकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

# छात्राओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम द्वारा कन्या इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बाल विवाह रोकने, बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, खेलकूद के महत्व, कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अलावा महिला कल्याण योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जागरूकता हेतु पंपलेट भी वितरित किए गए, ताकि छात्राएं इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता सेवाओं से जुड़े टोल फ्री नंबरों 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीएमसी ज्योति शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा, निदा जैदी, विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव एवं समस्त अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# किसान की ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैदनगर।** अजीम नगर थाना क्षेत्र में किसान की ढाई एकड़ फसल जल कर राख हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामला थाना क्षेत्र के जिठनिया गांव का है। सोमवार को अजीमनगर मिलकखानम रोड स्थित एक किसान अपने खाली खेत में नरई जल रहा था।

तेज हवा के कारण आग पड़ोसियों के खेत में जा पहुंची। पलक झपकते ही गेहूं के खड़े खेतों से आग की लपटें उठने लगी। ग्रामीणों ने गेहूं के खेत में आग लगी देखी तो उनके होश उड़ गए। तमाम ग्रामीण अपने घरों से आग बुझाने के लिए खेत की ओर दौड़ने लगे। आग की सूचना मिलते ही अजीमनगर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस आग को बुझाने में कामयाब रही। लेकिन तब तक चुन्नीलाल की 12 बीघा और फूल सिंह मास्टर की 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। गनीमत यह रही ग्रामीण और खेतों में आग को फैलने से रोकने में कामयाब रहे। दोनों किसानों का आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित किसानों ने जिला अधिकारी से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।


गांव जिठनिया में फसल में लगी आग से उठतीं लपटे। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम | नारी सशक्तिकरण पर छात्राओं ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

# मझरा मढ़ौली में हुआ विदाई समारोह व वार्षिकोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय मझरा मढ़ौली में कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों का विदाई कार्यक्रम एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसएमसी अध्यक्ष उषा के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कक्षा 5 उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को प्रधानाध्यापक सौरभ शर्मा द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की उपलब्धियां को साझा किया गया व नवीन प्रवेश के लिए अभिभावकों को जागरुक करते हुए नए सत्र में विद्यालय में अधिक से अधिक प्रवेश कराने की अपील की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नारी सशक्तिकरण के बारे में एक लघु नाटिका व नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल चले हम गीत पर छोटे बच्चों ने सुंदर नृत्य व बालकों द्वारा देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अलका कुमारी, लीला देवी, चमेली देवी , सुनीता रानी, लक्ष्मी, राखी, डल्लो, लीलावती, कमला आदि उपस्थित रहे।



नारी सशक्तिकरण पर नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। -जागरण मोर्चा


परीक्षा फल एवं पुरस्कार प्राप्त कर उत्साहित बच्चे। -जागरण मोर्चा

# 50 दुकानों के स्लैब, टीनशेड पर चली जेसीबी

## शाहबाद गेट से लेकर चौकी चोक तक के दुकानदारों ने गिराए धड़ाधड़ शटर, पसरा सन्नाटा



शाहबाद गेट स्थित चिकन कॉर्नर पर लगे टीनशेड को हटाती जेसीबी। -जागरण मोर्चा



शाहबाद गेट पर अभियान के दौरान खड़े शहर कोतवाल, पालिका कर्मी। -जागरण मोर्चा



बाजार नसरूल्लाह खां में पालिका की टीम से वार्ता करते जिलाध्यक्ष।

- एक के बाद एक दुकानों के रखे सामान को पालिका की टीम ने हटवाया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में जाम की समस्या को दूर कराए जाने के लिए नगर पालिका परिषद की जेसीबी दुकानों के आगे बने स्लैब, टीनशेडों पर चली। शाहबाद गेट से लेकर चौकी चौक तक के 50 दुकानों के स्लैबों को ध्वस्त कराया गया। यह अभियान शहर में करीब 4 घंटे तक जारी रहा। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।

सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डॉ. अविनाश कुमार के नेतृत्व में टीम सोमवार को सड़कों पर उतर आई। दुकानों के आगे बने पक्के स्लैब, चबूतरों को जेसीबी, हथौड़ों से तोड़ा गया। टीम की इस कार्रवाई को देखते हुए अन्य दुकानदारों ने सड़क पर रखा सामान खुद समेटना शुरू कर दिया। एक के बाद एक दुकानों के रखे सामान को पालिका की टीम ने हटवाया। दुकानों के आगे लगे टीनशेड को उतरवाया गया। साथ ही शाहबाद गेट के चौराहे पर रखे खोखों को भी हटवाया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस दौरान द्वारिका नाथ, राजीव बालियान समेत पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### तीन दिन में दुकानदार हटाए स्थाई ,अस्थाई अतिक्रमण

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने व्यापारियों से अपील की व्यापारी अपनी दुकान से आगे सड़क पर किसी भी प्रकार का स्थाई या अस्थाई अतिक्रमण हटा ले। पालिका टीम द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा भी पहुंचे। जहां उन्होंने 3 दिन के लिए अतिक्रमण अभियान स्थगित करने का अनुरोध किया। इस पर नगर पालिका और पुलिस प्रशासन से वार्ता करने पर फिलहाल 3 दिन के लिए यह अभियान रोका गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी दुकानदार दो दिन के अंदर नाले के बाहर किसी भी प्रकार का स्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण स्वयं हटा ले।

## शाहबाद में बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों रूपए के सामान की चोरी का आरोप



शाहबाद के बमनपुरी गांव में घर में बिखरा सामान। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** बीती रात थाना क्षेत्र के बमनपुरी गांव में बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए घर में रखा सामान समेत तीन ई रिक्शाओं की बैट्री लेकर फरार हो गए। घर में सामान बिखरा देखकर मकान मालिक के होश उड़ गए। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी।मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के बमनपुरी गांव में सड़क किनारे मकान बनाकर रह रहे खालिद अपने परिजनों के साथ रठौंडा क्षेत्र अंतर्गत सिहारी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। खालिद के साथ घर के अन्य सदस्य भी गए थे और मकान बंद था। चोरों ने मकान बंद होने का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर नगदी समेत कई अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पड़ोसियों द्वारा खालिद को घटना की जानकारी दी गई। खालिद ने घर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जिला अस्पताल के कमरा नंबर 11 में कम्प्यूराइज्ट ओपीडी ठप

- एमएस के आदेशों को चिकित्सक कर रहे दरकिनार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के कमरा नंबर 11 में रोगियों की कम्प्यूराइज्ट ओपीडी नहीं हो रही है। चिकित्सक कक्ष में कम्प्यूराइज्ट ओपीडी के लिए सिस्टम तो लगवा हुआ है लेकिन कम्प्यूराइज्ट ओपीडी करने में असमर्थता जताई जा रही हैं। ऐसे में चिकित्सक का कहना है कि जितनी देर में कम्प्यूराइज्ट ओपीडी की जाएगी। उतनी देर रोगियों को हालचाल लेकर परामर्श दे दिया जाएगा। कम्प्यूराइज्ट ओपीडी के लिए कक्ष में एक आपरेटर की जरूरत है जोकि है नहीं।

जिला अस्पताल में कम्प्यूराइज्ट ओपीडी का शुभारंभ 6 जनवरी को सीएमओ ने किया था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार कम्प्यूराइज्ट ओपीडी का मतलब कि हर मरीज की रिपोर्ट मोबाइल पर मिला करेगी। इससे रोगियों को काफी सहूलियतें मिलेंगी। साथ ही उनको रिपोर्ट के लिए इधर से उधर भागना नहीं पड़ेगा। लेकिन ऐसे में अस्पताल में तैनात चिकित्सक कम्प्यूराइज्ट ओपीडी करने में कतरा रहे हैं। कमरा नंबर 11 में बाल रोग विशेषज्ञ सीएमएस के आदेशों को दरकिनार कर रहे हैं। इस मामले में सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि जिन जिन कमरों में सिस्टम लगवाया गया है कि उन सभी कमरों में कम्प्यूराइज्ट ओपीडी होना अनिवार्य है।

## शांति व्यवस्था कायम रखने के साथ अफवाहों पर न दें ध्यान: एएसपी



तहसील शाहबाद के गांव टांडा में लोगों से बातचीत करते एएसपी। -जागरण मोर्चा

- अंबेडकर जयंती को लेकर अधिकारियों ने जगेसर, रमपुरा, टांडा गांवों का किया भ्रमण

जागरण मोर्चा, संवाददाता

**शाहबाद।** अंबेडकर जयंती समेत त्यौहारों को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क नजर आ रहा है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे। इसके लिए पुलिस के आला अधिकारी समेत प्रशासनिक अधिकारी भी लोगों के बीच जाकर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील कर रहे है। अराजक तत्वों के बारे में भी लोगों से पुलिस को तुरंत सूचना देने की अपील की जा रही है।

सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने टांडा क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने टांडा, रमपुरा और जगेसर गांव का दौरा कर लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के साथ अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। एएसपी इससे पहले शाहबाद नगर में बनी कस्बा पुलिस चौकी पर भी पहुंचे। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, एसआई रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह आदि रहे।

## '15 से 18 तक होगा नारी शक्ति सम्मेलनों का आयोजन'

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान को लेकर हुई बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान को लेकर महत्वपूर्ण योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक में प्रमुख रूप से निर्णय लिया गया कि 15 अप्रैल को सभी नगर पालिका स्तर पर महिलाओं की भव्य स्कूटी एवं बाइक रैली निकाली जाएगी। जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।



भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

15 से 18 अप्रैल तक विधानसभा स्तर पर नारी शक्ति सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्राएं भी निकाली जाएंगी, जिनके जरिए महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। अभियान के अंतर्गत विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी कर नारी शक्ति के समर्थन में व्यापक जनसमर्थन तैयार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा वह संगठन है, जहां महिलाओं को वास्तविक सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर प्राप्त होते हैं।

हमारी सरकार और संगठन दोनों ही महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। इस अवसर पर पारुल अग्रवाल, पूजा शर्मा, डोली रंधावा,पूनम सागर, मनु सक्सेना, रानी गुप्ता, रानी खान, सुभाष भटनागर, सौरभ पाल लोधी, ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि आदि मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मसवासी।** खानपुर उत्तरी मजरा रज्जावाला में सोमवार को स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा का संदेश दिया। रैली के माध्यम से 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर उत्तरी में प्रधानाध्यापक सुखलाल के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बच्चों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर स्कूल चलो के नारे लगाए। रैली मजरा रज्जावाला से शुरू होकर प्राथमिक विद्यालय खानपुर उत्तरी पहुंची, जहां समापन हुआ। अभियान के दौरान अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। रैली में




प्राथमिक विद्यालय खानपुर उत्तरी और प्राथमिक विद्यालय रज्जावाला के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल रहीं। इस मौके पर दिलीप कुमार, शीलावती, सुखजीत कौर, शरीफ अहमद, कुलदीप कुमार, नेहा कंबोज, अविनाश पांडे और भावना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप




रैली में शामिल छात्र और स्कूल का स्टाफ। -जागरण मोर्चा

### स्कूल चलो निकाली रैली

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां, सैदनगर, रामपुर में शबनम आरा के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत एक प्रभावशाली जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए सब पढ़ें, सब बढ़ें, "शिक्षा है अधिकार हमारा" जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। इस दौरान ग्रामीणों को बच्चों का नामांकन कराने, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शिक्षा ही एक उज्जवल भविष्य की कुंजी है और हर बच्चे का विद्यालय जाना अत्यंत आवश्यक है। रैली ने पूरे गांव में सकारात्मक वातावरण बनाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम में शिक्षिकाएं शबनम आरा, रीना, निदा खान, बुशरा, फिरदौस, आराधना सक्सेना, नंदकिशोर एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।



किताबे दिखाते छात्र। -जागरण मोर्चा

### सरकार का लक्ष्य कि प्रत्येक बच्चे के पास पुस्तके हों:हरीश

**रामपुर।** जैन इंटर कॉलेज में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। नई किताबें पाकर छात्र खुशी से फूले नहीं समाए ।

छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश कुमार डुडेजा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चे के पास पुस्तके हों ताकि किसी को भी शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई न हो। अब विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे इन पुस्तकों का लाभ उठाएं ।जीव विज्ञान प्रवक्ता सचिन कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के चार अंग हैं - विद्यार्थी , विद्यालय भवन , शिक्षक और पुस्तकें। यदि विद्याथी पुस्तकों का सम्मान करता है तो उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता ।पुस्तक वितरण समारोह में रामचंद्र ,सुशील चौधरी , अंजलि अरोरा , शक्ति दीक्षित, आदि भी उपस्थित रहे।




बाबा साहब की चित्र पर माल्यापण करते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

### विद्यार्थियों को समानता व शिक्षा का दिया संदेश

**रामपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर पट्टी कुन्दन चमरौआ में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों और भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों ने प्रेरक उद्बोधन देते हुए बाबा साहब के प्रसिद्ध नारे "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" पर प्रकाश डाला तथा छात्रों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को अपनाने का संकल्प भी दिलाया गया। वक्ताओं ने बताया कि डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था और उनके सम्मान में इस दिन को देशभर में समानता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रवि माथुर, धर्मवीर सिंह, ग्राम प्रधान लाल सिंह, पूनम, सावित्री सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहभागिता की।

### एसपी ने किया चौकी दढ़ियाल का निरीक्षण

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक ने थाना टांडा के अन्तर्गत चौकी दढ़ियाल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौकी कार्यालय पर बने अभिलेखों, उनमे अंकित की जाने वाली प्रवष्टियों एवं साफ सफाई को चैक किया गया। साथ ही चौकी परिसर की साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य व्यवस्थाओ का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने प्रभारी को निर्देशित किया कि चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को शालीनता से सुना जाए और उसका त्वरित निस्तारण किया जाए।

## जनपद में 20 से 30 तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

- डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत समस्त ब्लॉकों में होगा आयोजित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए जनपद के समस्त ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान 20 से 30 अप्रैल के मध्य संचालित किया जाएगा।

सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक में आयोजित की गई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को आयु वर्ग के अनुसार टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग संभावित कक्षा-1 के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, 10 वर्ष आयु वर्ग संभावित कक्षा-4 एवं 5 के बच्चों को टीडी-10 तथा 16 वर्ष आयु वर्ग संभावित कक्षा-10 एवं 11 के बच्चों को टीडी-16 की अतिरिक्त डोज प्रदान की जाएगी। सीएमओ ने बताया कि अभियान जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समस्त विद्यालयों में संचालित किया जाएगा। टीकाकरण अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28 एवं 30 अप्रैल सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को नियमित टीकाकरण सत्रों को छोड़कर आयोजित किया जाएगा।

बैठक में समस्त अपर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम अधिकारी अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर एवं समस्त एआरओ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम | शिक्षा चौपाल का आयोजन, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

## चौपाल में दिया शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर बल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड शाहाबाद की न्याय पंचायत सैफनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय सैफनी नवीन में शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित दिवाकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विशिष्ट अतिथि आशीष गुप्ता जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। जिसने अतिथियों और




न्याय पंचायत सैफनी में आयोजित शिक्षा चौपाल में मौजूद अतिथि, वशिष्ट अतिथि।

अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा चौपाल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। अमित दिवाकर ने कहा कि शिक्षा चौपाल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है। वहीं आशीष गुप्ता ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की।

एआरपी मोईन मियां ने अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। एआरपी श्वेता दूहन ने शिक्षकों के सहयोग से शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। जबकि एआरपी आलोक मिश्रा ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में समुदाय की भागीदारी आवश्यक बताई। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों में खुशी की लहर देखी गई। कार्यक्रम का संचालन दिलशाद वारसी ने किया। इस मौके पर मनोज कुमार शर्मा, इंद्र सिंह, केदार सिंह, सलीम जावेद, अशोक कुमार, सुमित कुमार, जयपाल सिंह, मो. शुऐब, अनुराधा,आकांक्षा, सपना, रिहाना परवीन, पायल गुप्ता, राजेश चाहर, ब्रजपाल सिंह, हरेंद्र कुमार बंसल, सचिन शर्मा, आदेश कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, भूपेंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**एक नजर**

### परिषद ने किया बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को परिषद के पदाधिकारी मौलागढ़ स्थित आंबेडकर छात्रावास स्थित डा. आंबेडकर की मूर्ति का माल्यार्पण किया। साथ ही उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान कर समाज को जागृत करने की शपथ ली। कार्यक्रम में परिषद के विभाग प्रमुख डा. डीके अग्निहोत्री ने कहा कि डा. आंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, समाज सुधारक, दलित व वंचितों के मसीहा थे। इन्होंने जातिवाद व छुआछूत के खिलाफ लड़कर शिक्षा को हथियार बनाया। वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने व महिलाओं तथा श्रमिकों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। नगर मंत्री आशीष कुमार ने कहा कि डा. आंबेडकर न केवल संविधान के जनक थे, बल्कि वह महान अर्थशास्त्री, कानूनविद व समाज सुधारक भी थे। उनका दृढ़ विश्वास था कि जब तक समाज में समानता और न्याय नहीं होगा, राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता।

# जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## समिति ने खालसा पंथ का स्थापना दिवस व डा. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति व सर्व समाज जागरुकता अभियान के तहत कृष्णा नगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही खालसा पंथ की स्थापना दिवस पर कार्यक्रम हुआ व संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।


कार्यक्रम में मौजूद समिति के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रांत के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के निकट जलियांवाला बाग में हुआ था। 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में रालेक्ट एक्ट के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन के लिए हजारों लोग एकत्र थे। क्योंकि अमृतसर में बैसाखी पर्व पर मेला लगा हुआ था। इसलिए मेले की भीड़ भी सुनने पहुंच गई। ब्रिटिश सरकार द्वारा आंदोलन को कुचलने के मकसद से प्लान तैयार किया गया और अंग्रेज राज का क्रूर और दमनकारी चेहरा सामने आया। यह घटना इतनी भयावह और क्रूर थी कि आज भी सोचने पर भय से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। जिसमें निहत्थे लोगों का कत्लेआम किया गया। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। इस खालसा पंथ की स्थापना के बाद गुरु जी ने क्रूर शासक औरंगजेब को पत्र भेजकर कहा कि मुगल शासन को नेस्ताबूद करने के लिए खालसा पंथ बन गया है। गुरु गोविंद सिंह ने एक सभा बुलाकर उसमें कहा कि आपमें से कौन धर्म के लिए बलिदान दे सकता है। वह एक-एक कर परदे के पीछे ले गए और खून से सनी तलवार बाहर लाए। इस तरह उन्होंने बाद में उन पांचों को जिंदा बाहर लाकर पंच प्यारे बनाए। 13 अप्रैल को बैसाखी मनाकर खुशियां भी मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर कुशल राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री व शिक्षाविद थे। देश आजाद होने के बाद देश का पहला कानून मंत्री बनाया गया। संविधान निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। देश और समाज के लिए किए गए कार्य के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न मरणोपरांत 1990 में दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीवन दास शर्मा, अरविंद कुमार, राहुल गौड़, राजवीर सिंह, सुरेश चंद्र शर्मा, दुष्यंत कुमार, वेदराम मौर्य आदि रहे।

### भाजपाइयों ने मनाई डा. आंबेडकर की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर खुर्जा गेट स्थित आंबेडकर पार्क पर बाबा साहब की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाकर दीपदान कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधान परिषद सदस्य चंद्रपाल सिंह चौधरी ने कहा कि आज हम डा. आंबेडकर को नमन करने के लिए एकत्र हुए हैं। वह न केवल भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता व मानव अधिकारों के सबसे बड़े समर्थक भी थे। ब्लाक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह ने कहा कि डा. आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त की और समाज में फैली ऊंच-नीच और भेदाव के खिलाफ आवाज उठाई। नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए गए।


विजेता बच्ची को सम्मानित करते जिलाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## एबीसी किड्स की बच्चे ने आगरा में जीता गोल्ड मेडल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदान प्रदर्शन कर नया मुकाम हासिल किया है। विद्यालयों के बच्चे पहले ही ताइक्वांडो, डांस और अन्य गतिविधियों में पहले ही कई मैडल जीत चुके स्कूल अब नन्हे सितारों ने अब स्केटिंग में भी अपना परचम लहराया है।

आगरा में संपन्न हुई पहली ओपन आगरा जोनल रायल स्केटिंग चैंपियनशिप में विद्यालय की यूकेजी की छात्रा ऐश चौधरी ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल किया। यह उपलब्धि विद्यालय व जनपद के लिए गर्व की बात है। छात्रा की सफलता के पीछे कोच हर्ष राणा का मार्गदर्शन रहा। जिनकी देखरेख में बच्चों को स्केटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शहर आगमन पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने ऐश को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता भार्गव ने कहा कि विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। वह पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## स्नातक एमएलसी ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** स्नातक विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह ने मोहल्ला लोधियान स्थित मंदिर से सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह मार्ग का निर्माण आंबेडकर पार्क खुर्जा गेट से जीनियर गर्ल्स स्कूल होते हुए पतरौआ रोड तक किया जाएगा। जो आगे चलकर आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़कर क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करेगा।


भूमि पूजन करते विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त। –जागरण मोर्चा

उक्त सड़क का प्रस्ताव जीनियर गर्ल्स स्कूल के प्रबंधक के अनुरोध पर जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित किया गया। जिसका अनुमोदन एवं प्रयास स्नातक एमएलसी द्वारा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत आबादी क्षेत्र में लगभग 300 मीटर सीसी सड़क तथा 2.2 किलोमीटर पीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसकी अनुमानित लागत दो करोड़ रुपये है। यह कार्य की दाती संस्था लोक निर्माण विभाग है। इस अवसर पर मोहित दिवाकर, नगर पालिकाध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, विनोद शर्मा, विनोद शर्मा, विनोद कुमार बिन्नी, अरविंद कुमार गुप्ता, विशाल चौहान, अंकित जैन, अभिनव शर्मा, सतीश अरोरा, राजकुमार ठाकरे, निशांत शर्मा, अमन कोरी, शिव कुमार सैनी, राजेश पाल आदि मौजूद रहे।

### साइकिल-बाइक की भिड़ंत में दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर मॉल के पास साइकिल व बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा निवासी मान सिंह कोतवाली क्षेत्र के गुमथल रोड पर पशु आहार फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य करते हैं। रविवार की रात वह साढ़े आठ बजे साइकिल से अपने घर लौट रहे। जब साइकिल सवार बहजोई रोड पर मॉल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक व साइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में साइकिल सवार मान सिंह व बाइक सवार मनीष निवासी मौलगढ़ घायल हो गए।

## दलित-मलिन बस्तियों का कायाकल्प: व्यस्त

**जीनियर गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने एमएलसी को सौंपे ज्ञापन**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जीनियर गर्ल्स स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति व एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त मौजूद रहे।



छात्राओं ने एमएलसी को सौंपे ज्ञापन। –जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। इस अवसर पर एमएलसी को तीन ज्ञापन व एक धन्यवाद पत्र सौंपा गया। जिसमें कहा है कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक एवं गुणवत्ता सुधार लाए जाने की आवश्यकता है। निजी विद्यालयों की वर्तमान व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए समान, सुलभ एवं समग्र शिक्षा प्रणाली विकसित करने का आग्रह किया है। श्रीमद भावगत को विद्यालयों में नैतिक शिक्षा के रूप में शामिल करने की मांग की गई। महिलाओं को समान अधिकार दिलाने को संविधान के तीनों अंग न्यायपालिका, कार्य पालिका व विधायिका में बेटियों को समान आरक्षण प्रदान किए जाने का प्रस्ताव किया है। साथ ही छात्राओं द्वारा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य कार्य को उनका आभार व्यक्त किया। जनहित में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की गई। एमएलसी ने जीनियस बाईपास मार्ग का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग शहर के लिए एक वरदान सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि दलित, मलिन व उपेक्षित बस्तियों के विकास को सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं तथा सड़क शहर के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विजयवीर सिंह चौहान, आईपीएस चौहान, विनोद शर्मा, राजेश चौहान, विनोद कुमार बिन्नी, परमेश्वर लाल सैनी, मंजू दिलेर, राजेश शंकर राजू, डा. विशाल चौहान, सुरेश सैनी, अंकित जैन, राजकुमार ठाकरे, शिव कुमार सैनी, संजय सैनी, पप्पू यादव, विनोद सैनी, अरविंद, श्रीपाल दिवाकर, गीता देवी दिवाकर, नवकांत शर्मा, सुनील रोमी, अनूप ठाकुर, अमन कोरी, राजेश पाल आदि मौजूद रहे।


अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक में बोलते वक्ता। –जागरण मोर्चा

## टेट की अनिवार्यता समाप्त करने को शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के 19 शिक्षक संगठनों ने आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर विशाल मशाल जुलूस निकाला। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, अटेवा और शिक्षामित्र संघ सहित विभिन्न संगठनों के शिक्षक एकजुट हुए।

नेताओं ने कहा कि यह लोकतांत्रिक तरीके से शासन तक अपनी नियोजित मांग पहुँचाने का प्रयास है। इस दौरान संतोष देवी यादव, कालाराम यादव और डॉ. गौरव मिश्रा सहित भारी संख्या में शिक्षकों ने अनुशासन और एकजुटता का परिचय दिया।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मगर परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया। सोमवार की सुबह एक मोहल्ले में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने बताया कि युवक के रविवार की रात पेट में दर्द उठा था। जिससे उसकी सोमवार की सुबह मौत हो गई। जबकि आसपास के लोगों का कहना है कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। 28 वर्षीय युवक अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। वह मजदूरी का कार्य कर परिवार का पालन-पोषण करता था। घटना की सूचना पर पहुंची से परिजनों ने किसी तरह की कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

## मोहित कुमार को बनाया विश्व हिंदू महासंघ का अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** प्रदेश अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा उत्तर प्रदेश के लिए मनोनीत होने पर गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर

तहसील क्षेत्र के ग्राम छज्जूपुरा दोयमपुर निवासी मोहित कुमार को पश्चिमी कार्यालय मेरठ में राष्ट्रीय संरक्षण देवेंद्र प्रताप तोमर एवं प्रदेश प्रभारी गौ रक्षा विश्व हिंदू महासंघ भारत संजीव अग्रवाल, भानु प्रताप सिंह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ गौर रक्षक उत्तर प्रदेश मनोनीत किया है यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय रक्षक देवेंद्र प्रताप तोमर ने बताया कि मोहित कुमार बहुत ही होनहार और अच्छे कार्य करता है इनकी कार्यशाली सत्य निष्ठा और ईमानदारी को देखते हैं मनोनीत किया गया है उन्होंने बताया कि



क्षेत्र में अच्छा कार्य करके संगठन को मजबूत करेंगे इस मौके पर भानु प्रताप प्रदेश महामंत्री विश्व हिंदू महासंघ भारत अमित ठाकुर अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ मोनू चौहान मंडल प्रभारी भारद्वाज सोनू सुमन अध्यक्ष आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे मोनू कुमार ने बताया कि वह संगठन के लिए समर्पित रहेंगे और संगठन को मजबूत करने में पार्टी के सभी अधिकारी कार्यकर्ताओं से सहयोग लेते रहेंगे।

## संचारी रोगों पर जिलाधकारी सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी/बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान की बैठक तथा डिप्थीरिया आउट ब्रेक की रोकथाम स्कूल आधारित टीकाकरण अबियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।


कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जिसमें डिप्थीरिया आउट ब्रेक की रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। अभियान के उद्देश्य, अभियान की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम की रूपरेखा, लक्षित समूह एवं टीकाकरण श्रेणियां, जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन रणनीति, विभागों के मध्य समन्वय एवं योजना, प्रचार-प्रसार एवं जागरुकता, डिजिटल रिपोर्टिंग एवं डेटा प्रबंधन, एईएफआई प्रबंधन एवं सुरक्षा तथा अंतिम समीक्षा एवं माइक्रो प्लान प्रेषण की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि माइक्रो प्लान स्कूल एवं छात्र-छात्राओं वार तैयार किया जाए। टीकाकरण एवं बच्चों के बैठने के लिए अलग-अलग कक्ष बनें। आशा, आंगनबाड़ी, एवं एएनएम की बैठक में ग्राम कुल के लोगों को भी सम्मलित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान को लेकर गंभीर रहे। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर साप्ताहिक बैठक हो तथा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दैनिक समक्षा बैठक सुनिश्चित की जाए। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, अपर मुखअय चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई, राम आशीष, चेतेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**बैसाखी पर्व** | विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी पर्व

# बैसाखी में बच्चों ने भांगड़ा व गिद्धा पर जमकर किया नृत्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में बैसाखी का त्योहार उल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। विद्यालय परिसर की रंग-बिरंगी सजावट की। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साह से प्रतिभाग किया। स्कूली बच्चे पंजाबी वेशभूषा धारण कर विद्यालय पहुंचे। छोटे-छोटे बच्चों ने भांगड़ा और गिद्धा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि बैसाखी सिख समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। यह उनके नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। बताया कि 1699 में गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। जिसके बाद से यह त्योहार अधिक महत्वपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों को जलेबी का प्रसाद वितरित कर टाफियां बांटी गई। इस अवसर पर प्रिया, काजल, शालू, रुपाली, संतोष, इशिता, दीक्षा, हुमा, अर्शी, निशा, सरिता, रक्षा, लक्षिता, सोनल, सिल्की, दीपा, मीनू, शिल्पा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में बैसाखी पर्व मनाते बच्चें।


एएम वर्ल्ड किड्स स्कूल में बैसाखी पर्व मनातें बच्चें।

### एएम वर्ल्ड किड्ज में धूमधाम से मनाई बैसाखी

**चन्दौसी।** एएम वर्ल्ड किड्ज में में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों से पतंग सजावट गतिविधियां कराई गई, जिसमें बच्चों ने रंग–बिरंगी पतंगों को सजाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। यूकेजी कक्षा के बच्चों ने गेहूं चिपकाने की गतिविधि कराकर फसल पर्व के महत्व को समझा। बच्चों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर सभी की वाहवाही लूटी। विद्यालय निर्देशिका अलका मंगलम ने बच्चों को बैसाखी के महत्व को बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अर्चना सिरोही आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्य्रकम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गाँव सुल्तानठेर में स्थित संविलियन विद्यालय में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तो वहीं वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता और विद्यालय की इंचार्ज ज्योति चौधरी ने राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति में उत्तीर्ण बच्चों को साइकिल देकर पुरस्कृत किया। इंचार्ज ज्योति चौधरी ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पवनेश, अभय यादव, अमित राणा, अमिताभ राणा, किशन लाल आदि मौजूद रहे।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति पर किया जानलेवा हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। बमुश्किल बचकर पति पुलिस चौकी पहुंचा और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल पति का उपचार सीएचसी में कराया है। घटना की तहरीर दी गई है।

रामनिवास पुत्र राजेंद्र मूलरूप से जनपद रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव केशवपुर का निवासी है। वह काफी समय से कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा कालोनी में किराए के मकान में पति व बच्चों के साथ रहता है। रामनिवास ने बताया कि वह वाहन चलाने का कार्य करता है। रविवार की शाम कुंदरकी से वाहन चलाकर आया था। उसकी पत्नी ने उसे काफी शराब पिलाई।



जिससे उसे काफी नशा हो गया। रात को पत्नी ने अपने प्रेमी को बुला लिया और जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमलाकर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह जान बचाकर पुलिस चौकी पहुंचा। जहां घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया है। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

## एक नजर

### बुखार ने छीना घर का इकलौता चिराग, 28 वर्षीय शिक्षक का निधन

**हसनपुर।** नगर के अस्पताल रोड निवासी राकेश शर्मा के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके इकलौते पुत्र और नगर स्थित प्राइवेट स्कूल के शिक्षक विशाल शर्मा (28 वर्ष) का मात्र 6 दिनों की बीमारी के बाद निधन हो गया। परिजनों के मुताबिक विशाल को पिछले सप्ताह बुखार आया था। लगा था कि सामान्य उपचार से सुधार हो जाएगा, लेकिन बुखार इतना घातक साबित हुआ कि देखते ही देखते उनकी स्थिति बिगड़ गई और दिल्ली स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। विशाल अपने माता-पिता के अकेले बेटे थे, जिनके कंधों पर पूरे घर की जिम्मेदारी और भविष्य की उम्मीदें थीं।जवान बेटे का शव देख कर माँ ज्योत्सना शर्मा बेसुध हो गई हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। घर के इकलौते चिराग के बुझ जाने से पूरे अस्पताल रोड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। दो भाई-बहनों में विशाल बड़े थे। उनके मिलनसार स्वभाव और शिक्षण के प्रति समर्पण के कारण स्कूल स्टाफ और स्थानीय नागरिकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। कल तक जो घर खुशियों से भरा था, आज वहां केवल चीख-पुकार और मातम पसरा है।

# अम्बेडकर जयंती पर स्वर्णिम शाम, लाइट-साउंड शो से नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में बाबासाहेब की 135वीं जयंती पर देश की पहली संविधान साहित्य वाटिका' में भव्य लाइट एंड साउंड शो का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से पीतल नगरी मुरादाबाद आज एक ऐतिहासिक गौरव का साक्षी बना। भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य आयोजन हुआ।

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नवनिर्मित संविधान साहित्य वाटिका में एक भव्य विशेष लाइट एंड साउंड शो का शानदार शुभारम्भ किया गया। इस विशेष शो का उद्घाटन मण्डलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के द्वारा किया गया। इस आधुनिक शो के माध्यम से डॉ. अम्बेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके आदर्शों और भारतीय संविधान के निर्माण की गौरवशाली गाथा को जीवंत किया गया है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से संभव हुआ, जिसने शहर को एक नई पहचान देने का कार्य किया है। इस आधुनिक तकनीक से सुसज्जित लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके सामाजिक योगदान और भारतीय संविधान के निर्माण की पूरी यात्रा को बेहद प्रभावी और जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया गया। शो में ध्वनि, प्रकाश और दृश्य प्रभावों का ऐसा संयोजन देखने को मिला, जिसने उपस्थित दर्शकों को भावुक और प्रेरित कर दिया। संविधान साहित्य वाटिका का निर्माण केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक शैक्षिक और प्रेरणादायक स्थल के रूप में भी विकसित किया गया है। यहां आने वाले युवाओं और विद्यार्थियों को संविधान के मूल सिद्धांतों, अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही, बाबासाहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। यह पहल मुरादाबाद को न केवल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से समृद्ध बनाएगी, बल्कि इसे एक प्रेरणास्थल के रूप में भी स्थापित करेगी, जहां लोग संविधान और उसके निर्माताओं के प्रति सम्मान और जागरूकता विकसित कर सकें। मण्डलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह 'संविधान साहित्य वाटिका' केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि शिक्षा और प्रेरणा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और इस प्रकार के आयोजन युवाओं को उनके संघर्ष, समर्पण और संविधान के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में यह स्थान मुरादाबाद की पहचान बनेगा और यहां नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़े। संविधान साहित्य वाटिका का निर्माण शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ इसे एक ज्ञानवर्धक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यहां आने वाले युवाओं को संविधान के मूल सिद्धांतों और कर्तव्यों की जानकारी मिलेगी, साथ ही बाबासाहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश से प्रेरणा भी प्राप्त होगी।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जिस संविधान की रचना की, वह देश के हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमें केवल अपने अधिकारों की ही नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों की भी समझ होनी चाहिए और उन्हें ईमानदारी से निभाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब का "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यदि युवा वर्ग इस विचार को अपने जीवन में अपनाता है, तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित रूप से आएगा। दिव्यांशु पटेल ने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल जयंती मनाना नहीं, बल्कि लोगों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा दें और एक मजबूत, समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अंत में उन्होंने बाबासाहेब को नमन करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा और आने वाली पीढ़ियां उनके विचारों से मार्गदर्शन प्राप्त करती रहेंगी। मुरादाबाद के महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि बाबासाहेब का जीवन संघर्ष, समानता और शिक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी सम्मान को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद को एक जागरूक और प्रगतिशील शहर बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा तथा बाबासाहेब के विचारों को अपने जीवन में उतारना होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा विधायक रितेश गुप्ता, रामवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान, एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान,पूर्व सांसद वीर सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, जिला अधिकारी अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल के साथ अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति: विज्ञान भवन में प्रिया अग्रवाल का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मुरादाबाद।** विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन"*आयोजि1त किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी उपस्थित रहे साथ ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी केंद्रीय मंत्री अनपूर्णा जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला अयोग विजया राहटकर जी, उपस्थित रही कार्यक्रम में देशभर से आई महिलाओं में मुरादाबाद शहर से सेव गर्ल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल भी उपस्थित रही । इस कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि "पंचायत से पार्लियामेंट तक, निर्णय में नारी" की सोच आज साकार होती नजर आ रही है। कार्यक्रम में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनके आत्मविश्वास ने एक सकारात्मक संदेश दिया कि देश अब एक सशक्त और आत्मनिर्भर नारी शक्ति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर प्रिया अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मेलन उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिलाओं को जो सम्मान, अवसर और सशक्त मंच मिला है, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और सरकार की योजनाएं उन्हें और अधिक मजबूत बना रही हैं। ऐसे आयोजन न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य भी करते हैं। यह सम्मेलन नारी शक्ति के सम्मान और उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को नई ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया।

# महिलाओं को मिला अधिकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत सोमवार को सिविल लाइन स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में समाज की प्रभावशाली महिलाओं के द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया। पत्रकार वार्ता में बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नीति निर्माण की दिशा अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेगी। नारी शक्ति सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है।"






इस दौरान भाजपा में जिला मंत्री बनी कशिश चौहान ने भी सरकार के इस कदम की सराहना की है। कशिश चौहान का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी का बहुत आभार जो की महिलाओ के लिए इतना अच्छा क़ानून पास करवा रहे है और ये महिलाओ की सफलता मे बहुत बड़ा योगदान देगी, 33% आरक्षण उन महिलाओ के लिए जो जमीनी स्तर पर काम कर रहीं है उनके लिए बड़ा सफलता का कारण बनेगी, अब महिलाएं देश कों नयी दिशा प्रदान कर सकेंगी। कुछ पार्टियों मे परिवारवाद या फिर पति पत्नियों के नाम म इस्तेमाल करते है इसमें बहुत फायेदामंद रहेगा।

# बिजली विभाग पर भड़कीं महिलायें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लगातार बढ़ते बिजली बिल और विद्युत बिल में गड़बड़ी से परेशान क्षेत्रीय लोगों ने सोमवार को नगर के अंबेडकर पार्क स्थित विद्युत कार्यालय पर महिलाओं द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। कई लोगों ने बताया कि पहले जहां सामान्य बिल आता था, वहीं अब दोगुना या उससे अधिक बिल आ रहा है। इसके अलावा मीटर रीडिंग में भी अनियमितता की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था की



एसडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

▸ बढ़े बिल और स्मार्ट मीटर से आक्रोश, पुराने मीटर लगाने की उठी मांग

एडवांस बिल जमा करने के बाद भी विद्युत आपूर्ति काटी जा रही है, महिलाओं द्वारा मांग की गई कि हमारे यहां लग रहे स्मार्ट मीटर को हटवाकर पुराना मीटर लगाया जाए। अगर विद्युत विभाग द्वारा हमारे यहां पुराने मीटर नहीं लगवाए गए तो हम आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन करने वालों में रिंकी, गेंदा, सुनीता, राजबाला, कमलेश, बबीता, उर्मिला, सुशीला, सीमा, पिंकी, सुमन, बाला आदि महिलाएं मौजूद रही।

## धूप देखते ही गेहूं कटाई के संग निकासी में आई तेजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बारिश के बाद जैसे ही मौसम साफ हुआ और तापमान में तेजी आई तो किसानों ने अपने खेतों पर पहुंचकर गेहूं की कटाई और निकासी का कार्य तेज कर दिया। किसान इस समय कटाई के तुरंत बाद फसल की निकासी पर विशेष ध्यान दे रहा है। किसने की माने तो इस वर्ष गेहूं उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में काम है, जिसका कारण किसान जनवरी में आई आंधी एवं बरसात को बता रहा है। लगातार कई दिन मौसम खराब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई थी, बरसात होने के कारण किसान की कटी हुई फसल भीग गई थी।वहीं सूर्य देव के दर्शन होते ही किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रही है और किस द्वारा अपनी भीगी भी फसल को खेत पर सुखाया गया।

# वृद्धों के लिए जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा



शिविर में उपस्थित वृद्धजन। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस मुरादाबाद शाखा के द्वारा एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिलन विहार स्थित वृद्ध आश्रम में आयोजित हुआ जिसमें करीबन 100 वृद्ध जनों ने प्रतिभा किया। इस जागरूकता कार्यक्रम का विषय 'वृद्धावस्था से जुड़ी समस्याएं एवं उनका प्रबंधन' था।

इस विषय पर डॉक्टर के बी गुप्ता ने सभी वृद्ध जनों को शुगर एवं बीपी जैसी बीमारियां, सांस की बीमारी प्रोस्टेट की बीमारी एवं एलर्जी की बीमारियों के लक्षण, बचाव एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी दी डॉक्टर कंचन गुप्ता ने सभी वृद्ध जनों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खुश रहना, भरपूर नींद लेना, संतुलित आहार लेना, व्यायाम करने के बारे मे बताया उन्होंने कहा कि इस उम्र के व्यक्ति को सदैव खुश रहने का प्रयास करना चाहिए, यदि आपका मन खुश होगा तो आप आसपास के माहौल को भी खुशनुमा बना सकेंगे उन्होंने सभी वृद्ध जनों को एक लघु मेडिटेशन भी करवाया जिससे सभी को बहुत आराम महसूस हुआ। संस्था की अध्यक्ष रीता सिंह जी ने कहा कि हमारी संस्था के द्वारा हर माह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिससे समाज में उपस्थित कुरीतियों एवं समस्याओं पर मंथन कर उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में सचिव राजेंद्र कपूर, सदस्या सीमा एससीएम गरिमा सिंह, वृद्धाश्रम संचालिका स्नेहा एवं कुसुम मौजूद रहीं।

स्वच्छता | विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने की प्रतिमाओं की सफाई

# डॉ . भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा का सफाई अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ.अम्बेडकर पार्क और प्रतिमाओं की साफ़ सफाई की और 14 अप्रैल को डॉ.आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया।

बता दें कि मंगलवार को देश भर में भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती की पूर्व संध्या पर विधायक राजीव तरारा ने गजरौला मंडल अंतर्गत ग्राम सलेमपुर गौसाईं, ढकिया भूड़ व धनौरा नगर स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क पार्क में सफाई अभियान चलाया हुए प्रतिमाओं की सफाई की। विधायक ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन



संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सतवीर सिंह, मंडलाध्यक्ष सतपाल पाल, कपिल भड़ाना, भारत सिंह, हितेश कुमार, जयदेव नगर, रोहित चौहान, पवन, निहार त्यागी, अमन, विनोद, अक्षय, सुरेंद्र सिंह, चरण सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रशांत आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के चौपला स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर मनमोहन सिंह सेन, रामरतन सिंह जाटव, लोकेश कुमार, विवेक सागर, महिपाल चौहान, होशियार सिंह, वीर सिंह सैनी, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर चेयरमैन ने अंबेडकर पार्क पर जलाएं दीपक

**हसनपुर।** बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर पार्टी हाई कमान के निर्देश पर सोमवार की शाम को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कार्यकर्ताओं एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगर स्थित अंबेडकर पार्क पर दीपक जलाएं और बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। चेयरमैन राजपाल सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर पार्क के चारों तरफ दीपक जलाएं और इसी के साथ जमकर नारेबाजी की।




अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दीपक जलाकर किया माला अर्पण।

चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर अंबेडकर पार्क को दीपकों से रोशन किया गया है, बाबा साहेब के प्रति सम्मान और उनके विचारों को याद करने का एक विशेष तरीका है। इस अवसर पर लोग सामूहिक रूप से दीपक जलाकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की गई है। इस मौके पर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम, सभासद शुभम अग्रवाल, पंकज भटनागर, राजपाल सैनी, सचिन गुप्ता, अर्पण गुप्ता, रवि शंकर शर्मा, रामवीर सिंह, अरविंद अन्ना, रितेश कुमार, मुकुल, विजय, जंग बहादुर, जगजीत सिंह मौर्य,राहुल, अशोक, रोहतास आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर छात्रों ने बनाई 150 फीट लंबी भव्य आकृति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और समर्पण का शानदार प्रदर्शन किया। शहर के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने मिलकर बाबा साहब की 150 फीट लंबी भव्य आकृति तैयार की, जो आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसमें छात्रों की एक टीम ने लगभग 10 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इस विशाल आकृति को उकेरा। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने इस कार्य के लिए पहले से योजना बनाई थी और पूरी टीम ने मिलकर इसे सफल बनाया।



कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां न केवल छात्रों की प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उन्हें महान व्यक्तित्वों के जीवन और उनके योगदान से भी जोड़ती हैं।

संपादकीय

# विफल शांति वार्ता और उभरते वैश्विक संकेत

मिडिल ईस्ट के संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य की अशांति ने वैश्विक राजनीति को शांतिवार्ता की विफलता के बाद एक बार फिर जटिल मोड़ पर ला खड़ा किया है। इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की विफलता चौंकाने वाली कम, बल्कि पूर्वानुमेय अधिक है। लगभग 21 घंटे चली इस मैराथन बातचीत के बावजूद किसी ठोस नतीजे तक न पहुंच पाना, दोनों पक्षों के बीच गहरे अविश्वास और टकराव की स्पष्ट तस्वीर पेश करता है। इस पूरे घटनाक्रम में पाकिस्तान की भूमिका विशेष चर्चा में रही। खुद को मध्यस्थ और 'शांतिदूत' के रूप में प्रस्तुत करने की उसकी कोशिशें अब सवालों के घेरे में हैं। शांति वार्ता की असफलता ने यह संकेत दिया है कि पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल अधिक प्रतीकात्मक थी, न कि असरदार। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक रूप से गहराया है कि क्या यह पहल वास्तविक शांति प्रयास थी या केवल वैश्विक मंच पर अपनी छवि सुधारने का एक थोथा प्रयास। दूसरी ओर, अमेरिका की नीतियां भी आलोचना के केंद्र में हैं। कठोर शर्तों और एकतरफा अपेक्षाओं ने वार्ता को आगे बढ़ने से रोका। ईरान के प्रति अमेरिका का रवैया, विशेषकर परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों के मुद्दे पर, लचीलेपन की कमी को प्रकट करता है। वहीं ईरान ने भी अपनी रणनीतिक स्थिति से समझौता करने से स्पष्ट इनकार कर दिया, जिससे गतिरोध और स्याह हो गया। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान इस बात की पुष्टि करते हैं कि वार्ता में 'अवैध मांगों' और पुराने अनुभवों की कड़वाहट हावी दिखी। होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों की समाप्ति और क्षेत्रीय युद्ध की समाप्ति जैसे मुद्दों पर असहमति इस बात का संकेत है कि दोनों पक्ष अपने-अपने हितों से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, यह विफलता केवल एक वार्ता का अंत नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन में बढ़ती अनिश्चितताओं का प्रतीक है। जब तक संवाद में वास्तविक लचीलापन और पारस्परिक विश्वास नहीं होगा, तब तक शांति केवल एक आदर्श ही बनी रहेगी।

**। सच्चाई ।**

**जो लोग आपसे जलते हैं..!**
**उनसे घृणा मत कीजिए,**
**क्योंकि यही तो वो लोग हैं,**
**जो ये स्वीकार कर चुके हैं,**
**कि आप उनसे बेहतर हैं..!!**



# संघर्ष से संविधान तकः डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रेरणादायी विरासत



बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक ऐसा नाम जिसने इतिहास और वर्तमान को अपने जीवन संघर्ष और जीवन में किए गए प्रयासों और परिणामों से देश और दुनिया में लगभग हर किसी को प्रभावित किया ।बाबा साहब उस हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा ज्योति हैं जिसने जीवन में संघर्ष का पथ चुना और आप उन्हें जीवन के हर मोड़ आपको कभी हारने न देने की सीख और और अपने संघर्षों से ऊर्जा देते मिलेंगे वो चाहे शिक्षा हो समाज,राजनीति देश परिवार भाईचारा या देश की अखंडता वह हर पल हर क्षण आपको हार के भय से जीत की तरफ ले जाने का प्रयास करते हैं और यह कोई चमत्कार नहीं है उनका जीवन संघर्ष इतना महान है कि आप उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकते हैं । और यह सबकुछ इसलिए था क्योंकि उनका जीवन पहाड़ सी कठिनाइयों से भरा था उसके पीछे का कारण यह था कि दलित समाज उन दिनों दोहरे मार से गुजर रहा था एक तो ब्रिटिश सरकार के तानाशाही आदेशों से और दूसरे समाज में फैले जाति आधारित भेद भाव छुआ छूत से और शायद महाराष्ट्र उसका केंद्र था।

बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू (मिलिट्री हेड क्वार्टर ऑफ वार )सैन्य छावनी मध्य प्रदेश में हुआ उनके पिता रामजी मालोजी सकपाल ब्रिटिश सेना में सूबेदार और संत कबीर के अनुयाई थे ।बाबा साहब जब 2 वर्ष के थे तब उनके पिता जी नौकरी से सेवानिवृत्त हो गए और छः वर्ष की आयु में उनकी माता जी भीमबाई का निधन हो गया उस समय बाबा साहब की प्रारंभिक शिक्षा की शुरूआत सतारा में हो चुकी थी मां की मृत्यु के बाद बाबा साहब का प्रारंभिक जीवन कष्टमय बीता और उन्हें मुंबई में अपनी प्रारंभिक शिक्षा करनी पड़ी बाबा साहब को



बचपन में छूआ छूत और भेदभाव का सामना करना पड़ा जिसका उन्हें बड़ा सदमा लगा 1907 में मैट्रिक की परीक्षा पास करने के बाद उनका विवाह माता रमाबाई अंबेडकर से बाजार के एक खुले छप्पर के नीचे कराया गया ।इसके बाद बाबा को महाराजा सयाजी राव गायकवाड से स्नातक की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त हुआ जिसकी सहायता से उन्होंने एलफिंस्टन कॉलेज से स्नातक किया लेकिन छात्रवृत्ति के अनुबंध के आधार पर बाबा साहब को महाराज सयाजीराव गवाकड़ जी की बड़ौदा स्टेट में नौकरी करनी पड़ी इसी दौरान उनके पिता रामजी राव का निधन हो गया ।वर्ष 1913 में बाबा साहब को अमेरिका जाकर पढ़ाई करने वाले एक विद्वान के रूप में चुना गया जहां उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय से वर्ष 1915 और 1916 में एम ए और पीएचडी की डिग्री प्राप्त की इसके बाद भी बाबा साहब ने शिक्षा के लिए अपने कदम नहीं रोके और आगे की पढ़ाई के लिए लंदन चले गए जहां वह ग्रेज इन में वकालत के लिए भर्ती हुए और साथ ही लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एवं पॉलिटिक्स में डीएससी की तैयारी की अनुमति भी प्राप्त हुई लेकिन इसी दौरान बड़ौदा रियासत के दीवान के बुलावे पर उन्हें वापस बड़ौदा आना पड़ा बाद में बाबा साहब ने न केवल डीएससी की डिग्री प्राप्त की बल्कि बार एट लॉ की भी पढ़ाई पूरी की और इसके बाद जर्मनी के बॉन विश्वविद्यालय में अध्यापन करने लगे ।

1916 में उन्होंने राष्ट्रीय लाभांश एक ऐतिहासिक और विश्लेषणात्मक पर अपनी थीसिस लिखी और अपनी शोध की डिग्री प्राप्त की और वापस भारत आकर बड़ौदा के महाराजा के वहां सैन्य सचिव के पद पर कार्य करने लगे इसी पद के साथ महाराजा उन्हें अपने वित्त मंत्री के लिए तैयार कर रहे थे लेकिन तभी वर्ष 1917 में छात्रवृत्ति का अनुबंध भी समाप्त हो गया था और नौकरी छोड़ने का एक महत्वपूर्ण कारण जातीय भेद भाव छुआ छूत भी था ।वहां से वापसी के बाद साइडनहैम कॉलेज में पढ़ाने लगे परन्तु भेदभाव ने यहां भी साथ नहीं छोड़ा और बाबा साहब कोल्हापुर रियासत के महाराजा की वित्तीय सहायता से पुनः विदेश पढ़ाई करने मौका मिला और वह विदेश चले गए यहां से बाबा साहब ने कानून में एमएससी की डिग्री के साथ अपनी अर्थशास्त्र के थीसिस भी लिखी जिसका शीर्षक प्रॉब्लम ऑफ रुपिज थी । वर्ष 1924 में देश में लौटने के बाद बाबा साहब ने अपना जीवन शोषित वंचित समाज पर लगाना शुरू कर दिया ।सबसे पहले दलित समाज के कल्याण के लिए एक एसोसिएशन बनाया जिसका उद्देश्य दलित समाज में शिक्षा का प्रसार और गरीबी से निजात दिलाना था उनकी शिकायतों आदि को इकट्ठा कर उनके अगुवा बनकर उन्हें न्याय दिलाना । 03 जून 1927 को उन्होंने बहिष्कृत भारत अखबार की शुरूआत की । बाबा साहब 1928 में सरकारी लॉ कॉलेज में प्रोफेसर और 01 जून 1935 को उसी कॉलेज के प्राचार्य बने परंतु 1938 में वहां से भी त्यागपत्र दे दिया और पूरा तरह वंचित वर्ग के उत्थान में जुट गए ।

1942 में देश में गवर्नर जनरल के श्रम सदस्य बने ।1946 में बंगाल विधान सभा के सदस्य चुने गए और इसी वर्ष अपनी पुस्तक शूद्र कौन थे प्रकाशित की ।1947 में देश की पहली सरकार में उन्हें कानून और न्याय मंत्री बनाया गया परंतु 1951 में कश्मीर मुद्दे, भारत की विदेश नीति और हिंदू कोड बिल के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू जी से मतभेद की वजह से अपना पद छोड़ दिया । 1952 और 1953 में कोलंबिया तथा उस्मानिया विश्वविद्यालय से बाबा साहब डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई।

बाबा साहब संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष रहे उन्हें फादर ऑफ इंडियन कांस्टीट्यूशन भी कहा जाता है ।

इसके अलावा शोषित वंचित वर्गों के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के लिए बाबा साहब ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की स्थापना की । तथा

जातीय भेद भाव छुआ छूत से आहत होकर 14 अक्टूबर 1956 को उन्होंने एक ऐतिहासिक समारोह में बौद्ध धर्म की दीक्षा ग्रहण की ।

इसके साथ साथ शोषित वंचित समाज की सार्वजनिक जल संसाधनों तक समान पहुंच के लिए 1927 में महाड़ सत्याग्रह किया ।

1930 में दलितों के मंदिर प्रवेश के लिए नासिक के कालाराम मंदिर में प्रवेश के लिए आंदोलन किया।

1932 में दलितों के लिए चुनावी आरक्षण के लिए महात्मा गांधी के साथ ऐतिहासिक समझौता पूना पैकट किया।

6 दिसम्बर 1956 को बाबा साहब चिर निद्रा में सो गए ।

निश्चित ही बाबा साहब आज इस दुनिया में नहीं है लेकिन देश के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके जीवन संघर्ष सदैव देशवासियों के मन में जीवित रहेंगे बाबा साहब का स्थान सार्वकालिक विद्वानों में से एक है बाबा साहब भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी की ।

बाबा साहब भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने चुनाव में धांधली की शिकायत की थी और देश में चुनाव धांधली की पहली शिकायत थी, बाबा साहब दुनिया के इकलौते महापुरुष हैं जिनको साक्षी मानकर अनुसूचित जाति जनजाति के लोग शादी व मांगलिक कार्य करते है इसकी शुरूआत कुछ जगहों पर अन्य पिछड़े वर्ग के लोग भी करने लगे हैं, बाबा साहब दुनिया के एक मात्र ऐसे महापुरुष हैं जिनकी सबसे ज्यादा प्रतिमाएं लगाई गई है। आज उनकी जन्म जयंती पर कृतज्ञता पूर्वक नमन।

**धर्मेश चौधरी**
**शिक्षक**

संस्कृति/संघर्ष

"भारतीय संस्कृति में आभूषण केवल सजावट का साधन नहीं, बल्कि पहचान, परंपरा और सामाजिक स्थिति का प्रतीक रहे हैं। समय के साथ इनका स्वरूप बदला, लेकिन इनकी आत्मा आज भी लोकजीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। आदिम मानव की स्वयं को सजाने की सहज प्रवृत्ति से शुरू हुई यह यात्रा आज फैशन इंडस्ट्री तक पहुंच चुकी है। फूलों, पत्तों, पशु-चर्म और पंखों से शुरू होकर सोने-चांदी और कीमती रत्नों तक पहुंची यह कहानी भारतीय विविधता और सृजनशीलता का जीवंत उदाहरण है। आज जब वैश्विक फैशन में 'इंडियन एथनिक' की धूम है, तब इन आभूषणों के पीछे छिपी लोककथाएं और क्षेत्रीय पहचान को समझना और भी जरूरी हो जाता है।"



परंपरा से ट्रेंड तक

# भारतीय आभूषणों की बदलती कहानी

## हिमाचल प्रदेशः परंपरा और प्रकृति का संतुलित श्रृंगार

हिमाचल प्रदेश, विशेषकर लाहुल-स्पीति, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर क्षेत्रों में आभूषणों और वेशभूषा में प्रकृति और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलता है। यहां के लोकनर्तक और नर्तकियां विशेष अवसरों पर रंग-बिरंगे वस्त्रों के साथ ऐसे आभूषण धारण करते हैं, जिनमें स्थानीयता की स्पष्ट छाप होती है।



## महिला और पुरुषों के परिधानों में भिन्नता

पुरुषों की वेशभूषा में खद्दर या रेशमी कुर्ता, तंग पायजामा, संतरी पगड़ी और टोपी प्रमुख हैं, जबकि महिलाएं चूड़ीदार पायजामा या काली सलवार के साथ चांदी के लंबे हार, नथ, बालियां, चूड़ियां और पाजेब पहनती हैं। यहां के आभूषण केवल सौंदर्य के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का माध्यम भी हैं। ऊंचाई और मौसम के अनुसार ऊनी या सूती वस्त्रों का चयन, इस बात को दर्शाता है कि फैशन और उपयोगिता का संतुलन सदियों से यहां कायम है।

## लोकनृत्य और आभूषणः मंच पर जीवित परंपराएं

भारतीय लोकनृत्य केवल नृत्य नहीं, बल्कि एक संपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति है, जिसमें वेशभूषा और आभूषणों की अहम भूमिका होती है। नर्तकों की वेशभूषा को पांच भागों (सिर, छाती, कमर, घुटने और पैरों) में विभाजित किया जा सकता है। हर हिस्से में पहने जाने वाले आभूषण और वस्त्र उस क्षेत्र की पहचान को दर्शाते हैं। जैसे सिर पर टोपी या पगड़ी, गले में हार, हाथों में गजरू और पैरों में पाजेब, ये सभी मिलकर एक संपूर्ण सांस्कृतिक छवि बनाते हैं। आज के दौर में भी ये लोकनृत्य और उनसे जुड़े आभूषण मंचों, त्योहारों और सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं।

## जनजातीय भारत
## प्रकृति से गढ़ी गई पहली ज्वेलरी



भारत की जनजातीय संस्कृतियों में आभूषणों का इतिहास सबसे प्राचीन और मूल रूप में देखने को मिलता है। यहां गहनों का निर्माण प्रकृति में उपलब्ध वस्तुओं जैसे(फूल, पत्तियां, बेलें, पशु-चर्म और पक्षियों के पंख) से किया जाता था। आज भी कई जनजातीय समुदाय इन पारंपरिक आभूषणों को जीवित रखे हुए हैं। लोकनृत्य और उत्सवों के दौरान इनका विशेष महत्व होता है। यह न केवल सजावट का माध्यम हैं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और सह-अस्तित्व की भावना को भी दर्शाते हैं। समसामयिक दृष्टि से देखें तो आज का 'इको-फ्रेंडली फैशन' कहीं न कहीं इन्हीं परंपराओं से प्रेरित है।

## आधुनिक परिप्रेक्ष्यः विरासत से ग्लोबल फैशन तक

समय के साथ भारतीय आभूषणों ने एक लंबी यात्रा तय की है। जहां पहले ये केवल परंपरा और सामाजिक पहचान का हिस्सा थे, वहीं आज ये ग्लोबल फैशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। डिजाइनर अब पारंपरिक आभूषणों को आधुनिक रूप देकर नए प्रयोग कर रहे हैं। 'फ्यूजन ज्वेलरी' का ट्रेंड इसी का उदाहरण है, जहां परंपरा और आधुनिकता का मेल देखने को मिलता है।



**आभूषणः सिर्फ सजावट नहीं, सांस्कृतिक विरासत**

भारतीय आभूषणों की कहानी केवल सुंदरता की नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और मानव की सृजनशीलता की कहानी है। यह हमें बताती है कि कैसे एक साधारण सजाने की प्रवृत्ति ने एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का रूप ले लिया। आज जरूरत है कि हम इस विरासत को समझें, संजोएं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं, ताकि आभूषण केवल फैशन का हिस्सा न बनकर हमारी पहचान का भी प्रतीक बने रहें।

**छोटा कद, बड़े कारनामे**

# खेल की दुनिया के असली दिग्गज


**जब हौसलों के सामने पस्त हुई ऊंचाई**

जब भी हम किसी खिलाड़ी की कल्पना करते हैं तो दिमाग में लंबा-चौड़ा, ताकतवर और आकर्षक व्यक्तित्व उभरता है। लेकिन खेलों का इतिहास बताता है कि असली ताकत शरीर में नहीं, बल्कि जज्बे में होती है। दुनिया में ऐसे कई खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने अपने छोटे कद के बावजूद बड़े-बड़े रिकॉर्ड बनाए और यह साबित कर दिया कि सफलता की कोई तय ऊंचाई नहीं होती।



## आदित्य 'रोमियो' देव

महज दो फीट 9 इंच के आदित्य 'रोमियो' देव सूची में सबसे अनोखे नामों में शामिल हैं। वे पेशेवर बॉडी बिल्डर होने के साथ बेहतरीन डांसर और एंटरटेनर भी थे। 2006 में उन्हें दुनिया का सबसे छोटा बॉडी बिल्डर घोषित किया गया। 2012 में मस्तिष्क की धमनी फटने के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी।



## डायलन मार्क पोस्टल

डायलन मार्क पोस्टल (हॉर्नस्वोगल) का कद भी 4 फीट 5 इंच थ।इस पेशेवर अमेरिकी पहलवान ने 2005 में वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट में भाग लेकर कुश्ती की दुनिया में सनसनी पैदा कर दी थी। डायलन को विश्व के सबसे सेक्सी बौने के खिताब से नवाजा गया था। इन्होंने क्रूजरवेट चैंपियनशिप जीतकर साबित किया कि कुश्ती केवल ताकत का नहीं, बल्कि रणनीति और आत्मविश्वास का खेल भी है।

## लियोनल जिरौक्स

4 फीट 4 इंच लंबे लियोनल जिरौक्स जिन्हें लिटिल बीवर कहा जाता था, पेशेवर कुश्ती में कई खिताब जीत चुके थे। उनकी उपलब्धियों के कारण उन्हें हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया, जो उनके असाधारण कॅरियर की सबसे बड़ी पहचान है। वातस्फीति नामक बीमारी के कारण 1995 में उनका निधन हो गया था।



## हेनरी फ्रैंकलिन

हेनरी ब्रेसिज फ्रैंकलिन 19वीं सदी के आइस हॉकी खिलाड़ी थे, जिन्होंने अपनी कप्तानी और कौशल से टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इनकी लंबाई 3 फीट 6 इंच थी। उनका कद भले छोटा था, लेकिन मैदान पर उनका प्रभाव बेहद बड़ा था।



## जूली क्रोन

4 फुट 10.5 इंच लंबी इस सेवानिवृत्त अमेरिकी जॉकी जूली घुड़दौड़ की दुनिया में एक प्रेरणादायक नाम हैं। कई गंभीर चोटों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और कई प्रतियोगिताएं जीतीं। वह वर्ष 200 में राष्ट्रीय संग्रहालय और हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाली पहली महिला बनीं। इन खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया कि कद भले ही छोटा हो, लेकिन अगर हौसले बुलंद हों, तो इंसान अपनी सीमाओं से कहीं आगे निकल सकता है। खेल की दुनिया में असली पहचान ऊंचाई से नहीं, बल्कि उपलब्धियों से बनती है।

## एडी गायडल



एडी गायडल ने मेजर लीग बेसबॉल में हिस्सा लेकर इतिहास रच दिया। एडी का कद 3 फीट 7 इंच था। उनके लिए बौनापन कभी बाधा नहीं बना, बल्कि उन्होंने इसे अपनी पहचान में बदल दिया। उनकी कहानी संघर्ष और साहस का प्रतीक है।

# क्रिकेट की बड़ी प्रशंसक थी आशा भोसले, ब्रेट ली ने साथ गया था ये हिट सांग

**मुंबई (एजेंसी)।** रविवार को जब यह खबर आई कि दिग्गज भारतीय गायिका आशा भोसले का निधन हो गया है, तो दुनिया भर के संगीत प्रेमी शोक में चले गए। अपनी सदाबहार और बहुमुखी आवाज से कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करने वाली इस महान गायिका का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। संगीत में अपने विशाल योगदान के अलावा भोसले क्रिकेट की भी बहुत बड़ी प्रशंसक थीं। इस खेल के प्रति उनके जुनून ने एक बार उन्हें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने उनके निधन की खबर की पुष्टि करते हुए कहा, वह अब हमारे बीच नहीं रहीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा। इस महान गायिका को शनिवार, 11 अप्रैल को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आशा भोसले ने 2007 में यू आर द वन फॉर मी गाने से संगीत और क्रिकेट दोनों के प्रशंसकों का दिल जीता था। इस गाने में ब्रेट ली भी नजर आए थे। यह गाना जबरदस्त हिट हुआ था और प्रशंसकों को इसकी धुन पर थिरकने और ली तथा भोसले, दोनों की प्रतिभा से चकित होने पर मजबूर कर दिया। अपनी आत्मकथा माई लाइफ में, ब्रेट ली ने भोसले के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने बताया कि इस म्यूजिक वीडियो की शूटिंग तब हुई थी, जब वे 2006 में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत आए हुए थे। इस गाने में ब्रेट ने हिंदी की कुछ पंक्तियां भी गाई थीं, जैसे हां, मैं तुम्हारा हूं, तुम्हारा ही रहूंगा। ली ने लिखा, मुझे बहुत मजा आया। मैंने अपने किसी भी साथी खिलाड़ी को यह नहीं बताया था कि मैं क्या करने जा रहा हूं; जब मैं शूटिंग के लिए निकला, तो मैंने उनसे कहा कि मैं बस सड़कों पर घूमने जा रहा हूं। उस जबरदस्त रिकॉर्डिंग अनुभव के चार महीने बाद जब आशा सिडनी में ओपेरा हाउस में प्रस्तुति देने आईं तो मेरी उनसे मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे अपना एक संकलन एल्बम दिया जिस पर उन्होंने अपने हाथों से एक संदेश भी लिखा था। यह हमेशा मेरे सबसे कीमती खजानों में से एक रहेगा।



# सैंटोस की जीत में पूरे 90 मिनट तक खेले नेमार

**रियो डी जेनेरो (एजेंसी)।** नेमार पूरे 90 मिनट खेले, जिससे सैंटोस ने ब्राज़ील के सीरी ए में एटलेटिको मिनेरो पर 1-0 से घरेलू जीत हासिल की। इस साल संभावित 11 में से सिर्फ पांचवीं लीग शुरुआत करते हुए नेमार मेहनती थे, लेकिन साफ तौर पर अपने बेस्ट से नीचे थे, जिससे सैंटोस ने दूसरे हाफ में मोइसेस के गोल से कैंपेन की अपनी तीसरी जीत हासिल की। सैंटोस के मैनेजर कुका ने नेमार के परफॉर्मेंस की तारीफ की और भविष्यवाणी की कि 34 साल का यह खिलाड़ी आने वाले हफ़्तों में ब्राजील की 2026 फीफा वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के लिए और बेहतर होता जाएगा। मैच के बाद कुका ने कहा, नेमार गेम दर गेम बेहतर हो रहा है, उसे मेहनत करते रहना होगा। उसका मूवमेंट बहुत बेहतर है और वह और बेहतर होगा। यह मानने के बावजूद कि नेमार में मैच फिटनेस की कमी है, कुका ने कहा कि फॉरवर्ड मंगलवार को रेकोलेटा के साथ सैंटोस के घरेलू कोपा सुदामेरिका मैच में फिर से शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा, उसके लिए पूरे 90 मिनट खेलना रिस्की है, हम देखेंगे कि वह इसे संभाल सकता है या नहीं, लेकिन हम कोशिश करेंगे ताकि वह मंगलवार को खेल सके। हमें उसे गेम का मज़ा लेते हुए देखकर खुशी हो रही है जैसा उसने किया। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर हैं, अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टूटने के बाद से अपने देश के लिए नहीं खेले हैं। तब से उन्हें कई चोटों का सामना करना पड़ा है, पिछले साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब में लौटने के बाद से वह सभी कॉम्पिटिशन में सैंटोस के लिए सिर्फ 35 मैच ही खेल पाए हैं। ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के वर्ल्ड कप टीम अनाउंस करने से पहले, सैंटोस के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए उनके पास ज्यादा से ज्यादा 10 और गेम हैं।



# आईपीएल में ऐसा खेल रहे टी-20 वर्ल्ड चैंपियंस



## सैमसन ने शतक लगाया

### चक्रवर्ती-बुमराह को विकेट नहीं मिल रहे

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में 19वें सीजन के 18 मैच खत्म हो चुके हैं। भारत को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले 15 प्लेयर्स अलग-अलग टीमों में खेल रहे हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने शनिवार को ही शतक लगा दिया। उनके साथी अभिषेक शर्मा ने भी 74 रन की पारी खेली। हालांकि, वर्ल्ड कप के 2 टॉप विकेट टेकर वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह आईपीएल में विकेट के लिए तरस जा रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी बहुत फीका चल रहा है। वर्ल्ड कप में खराब स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

### रिंकू, हार्दिक और अर्शदीप फ्लॉप

### ओपनर्स अभिषेक-सैमसन चमके

आईपीएल के 18 मैचों में 10 टीमों से 22 प्लेयर्स ने ओपनिंग की। वर्ल्ड कप खेलने वाले अभिषेक शर्मा सनराइजर्स हैदराबाद और संजू सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स से खेल रहे हैं। टूर्नामेंट में अभिषेक 5वें और सैमसन तीसरे बेस्ट स्कोरर हैं। राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल टॉप-2 पोजिशन पर हैं। अभिषेक शुरुआती 3 मैचों में 55 रन ही बना सके। हालांकि, शनिवार को पंजाब के खिलाफ उन्होंने 28 गेंद पर ही 74 रन बना दिए। उन्होंने 8 छक्के और 5 चौके लगाए। वे 129 रन बनाकर टूर्नामेंट के पांचवें बेस्ट ओपनर हैं। संजू भी शुरुआती 3 मैचों में फ्लॉप रहे, उनके बैट से तो 22 रन ही निकले। शनिवार को दिल्ली के खिलाफ उन्होंने 56 गेंद पर 115 रन की नॉटआउट पारी खेल दी। उन्होंने 15 चौके और 4 छक्के लगाए। वे 137 रन बनाकर टूर्नामेंट के तीसरे बेस्ट ओपनर हैं।




### मिडिल ऑर्डर में एक ही फिफ्टी लगी

- आईपीएल में 3 से 5 नंबर तक 39 प्लेयर्स बैटिंग कर चुके हैं। इनमें 11 ने 100 से ज्यादा रन बनाए, लेकिन वर्ल्ड चैंपियन टीम का एक ही भारतीय इसमें शामिल हैं। नंबर-3 पर बैटिंग करने वाले ईशान ने एक फिफ्टी लगाकर 120 से ज्यादा रन बनाए हैं। वर्ल्ड कप में उनका साथ देने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा कुछ खास नहीं कर सके।
- ईशान फिलहाल एसआरएच की कप्तानी कर रहे हैं, उन्होंने अपने पहले ही मैच में 80 रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया था। इसके बाद 3 मैचों में वे 42 रन ही बना सके। मिडिल ऑर्डर बैटर्स में वे 9वें नंबर पर हैं।
- सूर्यकुमार टूर्नामेंट एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके हैं, उनके नाम 73 रन ही हैं। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट जरूर 155 प्लस है, जो उनके वर्ल्ड कप स्ट्राइक रेट से 19 ज्यादा है। वे रन बनाने के मामले में 15वें नंबर पर हैं।
- तिलक का प्रदर्शन मिडिल ऑर्डर बैटर्स में सबसे खराब है। वे 130.76 के स्ट्राइक रेट से 34 रन ही बना सके। वे एक बार खाता नहीं खोल सके और 6 ही चौके लगा पाए हैं। उनके बैट से एक भी छक्का नहीं आया। वे टॉप-20 प्लेयर्स से भी बाहर हैं। एसआरएच के हेनरिक क्लासन पहले और आरआर के ध्रुव जुरेल दूसरे नंबर पर हैं।

### सुंदर को एक विकेट मिला

सुंदर के नाम बॉलिंग में एक ही विकेट हैं, लेकिन गुजरात के लिए बैटिंग में वे मिडिल ऑर्डर बैटर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस पोजिशन पर एक फिफ्टी के सहारे वे 77 रन बना चुके हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 154 का है। मिडिल ऑर्डर बैटर्स में वे 14वें नंबर पर हैं।



### ऑलराउंडर्स कमाल नहीं दिखा सके

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल और मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या भी आईपीएल में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हैं। वहीं वर्ल्ड कप में 2 ही मैच खेलने वाले वॉशिंगटन सुंदर बैट से रन बना रहे हैं। अक्षर 4 मैचों में 2 ही रन बना सके। उन्होंने बॉलिंग में जरूर 8 से कम की इकोनॉमी रखी और 3 विकेट भी झटक लिए। विकेट लेने वाले स्पिनर्स में वे 9वें नंबर पर हैं।

हार्दिक तो बैट और बॉल दोनों डिपार्टमेंट में फ्लॉप चल रहे हार्दिक तो बैट और बॉल दोनों डिपार्टमेंट में फ्लॉप रहे। उनका स्ट्राइक रेट जरूर 160 के करीब है, लेकिन रन 30 भी नहीं बना सके। गेंदबाजी में 1 ही विकेट ले सके, जिसके लिए उन्होंने 11 से ज्यादा की इकोनॉमी से रन खर्च कर दिए। दोनों डिपार्टमेंट में वे टॉप-30 प्लेयर्स से भी नीचे हैं।

### एक ही फिनिशर रन बना पा रहा

शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने वर्ल्ड कप में फिनिशर की भूमिका निभाई थी। आईपीएल में 49 प्लेयर्स ने 6 से 8 नंबर पर बैटिंग की है। इनमें 12 प्लेयर्स ने 30 प्लस रन बनाए। इनमें 250 प्लस का स्ट्राइक रेट अकेले सरफराज खान का रहा। उनके बाद एसआरएच के अनिकेत वर्मा ने 195 प्लस के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। दुबे ने 164.81 के स्ट्राइक रेट से 89 रन बनाए। स्ट्राइक रेट के मामले में वे तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 4 छक्के और 9 चौके लगाए। सिक्स लगाने में दुबे चौथे और चौके लगाने में पहले नंबर पर हैं। रिंकू ने 4 मैचों में 72 रन जरूर बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 135 का ही रहा। ज्यादातर मौकों पर उन्होंने मिडिल ऑर्डर में बैटिंग की, इसके बावजूद वे कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। वे एक ही सिक्स लगा सके। स्ट्राइक रेट के मामले में रिंकू 12 प्लेयर्स में 8वें नंबर पर हैं।



मोंटे कार्लो फाइनल

# अल्काराज और सिनर के बीच खिताबी मुकाबला, नंबर-1 रैंकिंग दांव पर

**ब्राजील (एजेंसी)।** मोंटे कार्लो मास्टर्स 2026 का फाइनल बेहद खास होने जा रहा है, जहां कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर आमने-सामने होंगे। इस मुकाबले की सबसे बड़ी बात यह है कि जीतने वाला खिलाड़ी दुनिया का नंबर-1 बन जाएगा। दोनों खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज की।



- **सिनर का बयान** - जीत के बाद सिनर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। हम यहां क्ले कोर्ट पर खुद को परखने आए थे और फाइनल में पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मैं पूरी ताकत के साथ खिताब जीतने की कोशिश करूंगा।
- **अल्काराज भी पूरी तरह तैयार** - कार्लोस अल्काराज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक ड्रीम मोमेंट है। मैं अपने दूसरे मोंटे कार्लो खिताब के लिए खेल रहा हूं और नंबर-1 की रेस इस मुकाबले को और खास बना देती है।

### सेमीफाइनल में दमदार जीत

जानिक सिनर ने तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं कार्लोस अल्काराज ने घरेलू खिलाड़ी वैलेंटिन वैचेरोट को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन नियंत्रण और आक्रामक खेल दिखाया।

### सिनर का शानदार फॉर्म

जानिक सिनर इस समय शानदार लय में हैं और मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 21 मैच जीत चुके हैं। उन्होंने इस सीजन में पहले ही इंडियन वेल्स और मियामी जैसे बड़े खिताब जीत लिए हैं। साथ ही वह 2015 के बाद पहले खिलाड़ी बने हैं, जो एक ही सीजन में शुरुआती तीन मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे हैं।

### बड़ा मुकाबला है

हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में कार्लोस अल्काराज का पलड़ा भारी है और वह सिनर के खिलाफ 10-6 से आगे हैं। हालांकि पिछली बार एटीपी फाइनल्स में सिनर ने अल्काराज को हराया था, जिससे इस बार मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है।

# 'हम हार से थक चुके थे', सीएसके कोच ने इस सीजन की पहली जीत का राज खोला

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार जीत का खाता खोलते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में सीएसके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन हार के सिलसिले को खत्म किया और सीजन की पहली जीत दर्ज की।

**कोच एरिक सिमंस का बड़ा बयान** - मैच के बाद सीएसके के बॉलिंग कोच एरिक सिमंस ने टीम के मानसिकता को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, लड़के इस जीत के लिए बेहद बेताब थे। लगातार तीन हार के बाद हम जीत के लिए तरस रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रेसिंग रूम का माहौल हमेशा सकारात्मक बना रहा, भले ही टीम को शुरुआत में हार झेलनी पड़ी।

**आत्मविश्वास की कमी थी असली वजह** - एरिक सिमंस के अनुसार, टीम की रणनीति में कोई कमी नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास की थोड़ी कमी थी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मोमेंट्स, जैसे शानदार कैच या अच्छी फील्डिंग, पूरे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और वही इस मैच में देखने को मिला।



- **सैमसन और म्हात्रे की शानदार बल्लेबाजी** - इस मुकाबले में संजू सैमसन ने नाबाद 115 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनके साथ आयुष म्हात्रे ने 56 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों की शानदार साझेदारी की बदौलत सीएसके ने 212/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।
- **गेंदबाजी में ओवर्टन-कंबोज का जलवा** - गेंदबाजी में जेमी ओवर्टन ने 4 विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। वहीं अंशुल कंबोज ने भी 3 विकेट झटककर दिल्ली की बल्लेबाजी को झकझोर दिया और टीम को 189 रन पर समेट दिया।

# पीएसएल छोड़ आईपीएल जाने पर घिरे कुसल मेंडिस, पत्रकार के सवाल पर रह गए चुप

**पेशावर (एजेंसी)।** पेशावर जाल्मी के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस उस समय असहज स्थिति में आ गए, जब एक पाकिस्तानी पत्रकार ने उनसे पीएसएल छोड़कर आईपीएल में जाने को लेकर सवाल पूछ लिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछे गए इस सवाल ने माहौल को अचानक गंभीर बना दिया और मेंडिस कुछ पल के लिए पूरी तरह चुप नजर आए। पत्रकार ने मेंडिस से पूछा कि क्या उन्हें पीएसएल छोड़कर गुजरात टाइटंस के लिए खेलने का कोई पछतावा है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएसएल ने उन्हें सम्मान दिया, लेकिन उन्होंने बीच सीजन में लीग छोड़ दी। ऐसे में क्या अब उन्हें अपने फैसले पर अफसोस है?

**मेंडिस का रिएक्शन** - इस सवाल पर कुसल मेंडिस हैरान रह गए और कोई जवाब नहीं दे सके। वह पहले मुस्कुराए, फिर टीम के मीडिया मैनेजर की ओर देखने लगे। उनकी बॉडी लैंग्वेज से साफ था कि वह इस सवाल से असहज महसूस कर रहे थे।

**मैनेजर ने किया बचाव** - स्थिति को संभालने के लिए टीम के मीडिया मैनेजर को बीच में आना पड़ा। उन्होंने पत्रकार से कहा कि सवाल पीएसएल और टीम से जुड़े होने चाहिए, लेकिन पत्रकार ने इसे प्रासंगिक बताते हुए अपने सवाल पर जोर दिया। इससे माहौल और ज्यादा असहज हो गया।

**आईपीएल और पीएसएल में मेंडिस का प्रदर्शन** - कुसल मेंडिस ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए एक मैच खेला, जिसमें उन्होंने 10 गेंदों पर 20 रन बनाए। वहीं पीएसएल में इस सीजन उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 4 पारियों में 241 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनकी स्ट्राइक रेट 170 से ज्यादा रही है।

# अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सराफा बाजार में गिरावट; चांदी 1800 टूटी, सोना भी कमजोर

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** सप्ताहांत में अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद सोने और चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली दर्ज की गई है, जबकि आंबेडकर जयंती के कारण मंगलवार को बाजार बंद रहेंगे। आइए सराफा बाजार की चाल के बारे में विस्तार से जानें।

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई युद्धविराम वार्ता के किसी भी समझौते तक पहुंचने में विफल रहने का सीधा असर सोमवार को घरेलू और वैश्विक सराफा बाजारों पर दिखाई दिया। कमजोर वैश्विक संकेतों और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण, सोमवार को दिल्ली के सराफा बाजार में कीमती धातुओं में बिकवाली और मुनाफावसूली का भारी दबाव देखा गया, जिससे सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चांदी की कीमतों में 1,800 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर की तुलना में सोमवार को चांदी करीब 1 प्रतिशत (1,800 रुपये) गिरकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।

इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के दाम में भी 300 रुपये की गिरावट दर्ज की गई।



पिछले कारोबारी सत्र में 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद होने वाला सोना अब 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर हुई बातचीत बिना किसी नतीजे के समाप्त होने के बाद सोमवार को कीमती धातुएं गिरावट के साथ खुलीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत में आई इस रुकावट ने बाजार की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, जिससे अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में उछाल को समर्थन मिला है।

इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी चिंताएं सराफा बाजार पर हावी हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी वीपी रिसर्च एनालिस्ट, जतिन त्रिवेदी के अनुसार, ऐसी खबरें हैं कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने के लिए वहां सैनिकों की तैनाती और इस मार्ग को 100 प्रतिशत बंद करने पर विचार कर सकता है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच फिर सेंसेक्स 702 अंक टूटा, निफ्टी 23900 से नीचे बंद हुआ

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी गतिरोध घरेलू शेयर बाजार को एक बार फिर भारी पड़ा है। सोमवार को सेंसेक्स 703 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 23,850 के नीचे के नीचे आ गया। आइशर मोटर्स और मारुति के शेयरों में 5% की गिरावट दर्ज की गई। डॉलर के मुकाबले रुपया 56 पैसे कमजोर होकर 93.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की विफलता से लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की आशंका बढ़ने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई, जिसके चलते सोमवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक या 0.91 प्रतिशत गिरकर 76,847.57 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 1,681.93 अंक या 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 75,868.32 पर पहुंचा। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 207.95 अंक या 0.86 प्रतिशत गिरकर 23,842.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक सबसे पिछड़ने वाली कंपनियां रहीं। आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक विजेता रहे।

अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता टूटने से बाजार पर बढ़ा दबाव

अमेरिका और ईरान पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता में शांति समझौते पर पहुंचने में विफल रहे, जिससे दो सप्ताह के नाजुक युद्धविराम का भविष्य अधर में लटक गया है, और दोनों पक्ष वार्ता के विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश कर रहे हैं।







# स्मार्ट मीटर को लेकर सपा ने किया डिवीजन का घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूरनपुर बिजली डिवीजन पर स्मार्ट मीटर को लेकर धरना प्रदर्शन करते सपाई और समझाते सीओ-एसडीओ।

**पूरनपुर।** बिजली के स्मार्ट मीटर और बिजली काटने को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने बिजली डिवीजन कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया, सूचना पर एसडीओ बिजली और सीओ ने पहुंच कर वार्ता की। इस दौरान कई मौजूद रहे। इन दिनो बिजली स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक बिजली बिल भेजा जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को चक्कर काटने पड रहे है। इससे खफा सोमवार को सपा के नगर अध्यक्ष हाजी लाडले के नेतृत्व में सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर के डिवीजन कार्यालय पहुंच कर घेराव करते हुए जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाज़ी की,सपा के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर आम उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। मामूली रिचार्ज ना कराने पर बिना पूर्व सूचना के बिजली काटी जा रही है और पुराने मीटर जबरन हटा कर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और विभाग के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और विभागीय कर्मचारियों के बीच तीखी बहस हुई। मामले की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे,इस दौरान एसडीओ बिजली मोहित गुप्ता भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया। किसी तरह मामला शांत कराया गया। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि जनता के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान हाजी लाडले, सपा जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी, अफजल अंसारी, नादिर रजा वरकाती, अमन यादव, पुनीत, भूरी बैगम आदि रहे।




















































विनौर फार्म के पास भीषण सड़क हादसा

# तेज रफ्तार बस ने टेंपो को मारी टक्कर, आधा दर्जन से ज्यादा घायल

## हादसे में घायलों को जिला अस्पताल भेजा, तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** गजरौला क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसने कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल पैदा कर दिया। सोमवार सुबह करीब 7:15 बजे गजरौला से पूरनपुर की ओर जा रहा एक टेंपो जैसे ही एनएच-730 हाईवे पर स्थित विनौर फार्म के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार में आ रही एक बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के दौरान टेंपो में बैठे करीब 7 से 8 लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद टेंपो में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एनएच-730 पर यातायात बाधित हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि, पुलिस की तत्परता और कुशल प्रबंधन के चलते जल्द ही यातायात को सामान्य कर दिया गया और आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो गया। प्राथमिक जांच में इस हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना सामने आ रही है। पुलिस ने संबंधित बस चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की बात कही है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर बढ़ती तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी के गंभीर परिणामों को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर विशेषकर चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, स्पीड कंट्रोल के उपाय लागू किए जाएं तथा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। गजरौला थाना प्रभारी ब्रजवीर सिंह ने बताया है एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल घायलों को भिजवा दिया गया।


बस ने मारी टेंपू को टक्कर क्षतिग्रस्त

# नायब तहसीलदार बने सौरभ दीप का भव्य स्वागत



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश की परीक्षा में नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने पर सौरभ दीप का जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय बौद्ध महासभा, उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के पदाधिकारियों ने उनके अशोक विहार निवास पर पहुंचकर उन्हें माला पहनाई, पुष्पगुच्छ भेंट किया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। सौरभ दीप, परसौना खलीलपुर के निवासी और प्रधानाचार्य के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता पर महासभा के प्रांतीय महामंत्री डॉ. अरविंद कुमार गौतम, प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर, जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह गौतम, जिला ऑडीटर मातादीन वर्मा सहित अन्य लोगों ने खुशी जताई और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं हिंदू इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राम सिंह, विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रेस वार्ता



नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रेस वार्ता में मौजूद पदाधिकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** नगर के रामायण बिहार कॉलोनी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ. ऋचा वार्ष्णेय, डॉ. रश्मि चौधरी, डॉ. पूनम कटियार एवं स्काउट एवं गाइड की जिला कमिश्नर शालिनी पांडे उपस्थित रहीं। डॉ. ऋचा वार्ष्णेय ने कहा कि महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से ही आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़ा एक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की सोच आज योजनाओं और नीतियों के रूप में सामने है। डॉ. पूनम कटियार ने ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्ण योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि राजनीति में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी से उनका सम्मान और सशक्तिकरण बढ़ेगा। वहीं डॉ. रश्मि चौधरी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में योगदान दे रही हैं। जिला कमिश्नर शालिनी पांडे ने कहा कि देश की लगभग आधी आबादी महिलाएं हैं, ऐसे में सदन में उनकी भागीदारी बढ़ने से उनकी आवाज और अधिक सशक्त होगी।

# ग्राम प्रधान संगठन की बैठक में पंचायत चुनाव में देरी होने पर हुई गहन चर्चा


ब्लॉक में ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी बैठक करते हुए

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**ओरछी, बदायूं।** सोमवार को स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान पुलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सभी गांव के प्रधानों की बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर ढुलमुल रवैए पर चुनाव नियत समय पर नहीं होने पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान को ही वित्तीय व कार्य करने का अधिकार तथा प्रधान को ही प्रशासक बनाया जाए जिससे ग्राम पंचायतों के कार्यों को सुचारु रूप से चलाया जा सके । इस दौरान ग्राम प्रधान संगठन ने विकास खंड कार्यालय परिसर में बने नवनिर्मित सभागार कक्ष में आवश्यक सुविधाओं के अभाव का जिक्र करते हुए कहा कि सभागार कक्ष में सुविधाओं के अभाव में ताला लटका रहता है जिससे ग्राम प्रधान संगठन के जनप्रतिनिधि इधर उधर बैठक करने को विवश रहते हैं । इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्राम प्रधान पति सतीश यादव , किशनवीर सिंह , राम लखन , नरेंद्र चौधरी , अय्यूब मलिक , विजय सिंह , रामखिलाड़ी , अमित , शिवजीत ,जयपाल सिंह , सुमेधा यादव , मनोज कुमार सिंह एडवोकेट , राजवीर , मनवीर , धर्मेंद्र मिश्रा , रीतेश चौहान , अंशु , चंद्र गुप्त , सुरेन्द्र पाल सिंह , ओमेंद्र ठाकुर आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# एसएस हॉस्पिटल फिर विवादों में मरीज के कुंडल चोरी का आरोप, सीसीटीवी में कैद, डीएम ने बैठाई जांच

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** शहर के चर्चित एसएस हॉस्पिटल एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते सुर्खियों में आ गया है। इस बार मामला मानवता को झकझोर देने वाला है, जहां एक महिला मरीज के सोने के कुंडल चोरी होने का आरोप अस्पताल के स्टाफ पर लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रम्पुरिया सिरसा निवासी राहुल पुत्र बाबूराम ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह 10 अप्रैल 2026 को अपनी गंभीर रूप से बीमार मां को एसएस हॉस्पिटल में भर्ती कराने लाया था। आरोप है कि भर्ती के दौरान अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड ने उनकी मां के कानों से सोने के कुंडल निकाल लिए। पीड़ित का दावा है कि यह पूरी घटना अस्पताल के गेट पर लगे कैमरा नंबर 9 में 10 अप्रैल की शाम 8:26 बजे कैद हुई है। राहुल ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने इस मामले की शिकायत अस्पताल प्रबंधन से की, तो न केवल



हॉस्पिटल के बाहर लगी भीड़

उसकी बात को नजरअंदाज किया गया बल्कि मरीज का इलाज अधूरा छोड़कर उसे अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया और भी गंभीर आरोप लगाते हुए पीड़ित ने बताया कि आईसीयू स्टाफ द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और यहां तक कहा गया कि ह्लमरीज का ऊपर जाने का समय आ गया है। विरोध करने पर अस्पताल प्रशासन ने धमकियां देकर उन्हें अस्पताल से बाहर कर दिया। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जांच के आदेश देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसएस हॉस्पिटल पहले भी कई बार विवादों में रह चुका है और इस तरह की घटनाएं अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं।अब देखना यह होगा कि जांच के बाद दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है और क्या मरीजों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे निर्माण और मरम्मत कार्यों का निरीक्षण जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान खेलो इंडिया के खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने तरणताल (स्विमिंग पूल), बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल, इंडोर कबड्डी हॉल, सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट, 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, पवेलियन, सेल्फी प्वाइंट और परमवीर चक्र विजेता जदुनाथ सिंह की प्रतिमा का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा कर खेल विभाग को सौंपे जाएं। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता न किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (राजस्व) अरविंद कुमार सिंह, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सुरेंद्र राठौर समेत निर्माण एजेंसी के अधिकारी, स्टेडियम के प्रशिक्षक और खेलो इंडिया सेंटर के हॉकी खिलाड़ी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट और खेल सामग्री भी वितरित की। बताया गया कि 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और स्विमिंग पूल का निर्माण लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है। वहीं, स्टेडियम के नवीनीकरण और नई खेल सुविधाओं जैसे इंडोर कबड्डी हॉल, बास्केटबॉल कोर्ट, सीसीटीवी और शौचालय आदि का कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन द्वारा करीब 10.36 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है।


खिलाडी को स्पोर्ट्स किट वितरित करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह

# रेलवे महाप्रबंधक को रेलवे यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** महाप्रबंधक उत्तर रेलवे के आगमन पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) शाखा ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने कर्मचारियों की समस्याओं और अधिकारियों के व्यवहार को लेकर गंभीर शिकायतें उठाईं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सहायक मंडल अभियंता द्वारा कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। उनके साथ दुर्व्यवहार, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। साथ ही बिना कारण बड़ी संख्या में चार्जशीट दी जा रही हैं। यूनियन ने रेलवे निर्माण कार्यों में भी अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। आरोप है कि ठेकेदार इंजीनियरिंग विभाग से मिलकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं और निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी हो रही है। इसके अलावा यूनियन ने कई सुविधाओं की मांग की, जिनमें शाहजहांपुर और रोजा रेलवे अस्पताल में ईसीजी, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था, गेटमैन की 8 घंटे की ड्यूटी, रेलवे कॉलोनी में बच्चों के लिए पार्क व खेल मैदान और कर्मचारियों के लिए मनोरंजन सदन या बारातघर बनवाने की मांग शामिल है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि अधिकारियों का रवैया नहीं बदला और कर्मचारियों का उत्पीड़न जारी रहा, तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। महाप्रबंधक ने सभी शिकायतों को ध्यान से सुनकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान यूनियन के कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


रेलवे महप्रबन्धक को ज्ञापन सौंपते नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारी

# रात में छत से घुसा युवक, युवती से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर, पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवदिया भगत में देर रात घर में घुसकर एक युवक द्वारा युवती के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना बीसलपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम नवदिया भगत निवासी शीतल पुत्री ओमप्रकाश राठौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अप्रैल की रात करीब 10 बजे गांव का ही मंगू पुत्र सीताराम राठौर उसके घर की दूसरी छत के रास्ते अंदर घुस आया। खटपट की आवाज सुनकर जब वह बाहर आई तो आरोपी को आंगन में खड़ा पाया। पीड़िता का आरोप है कि पूछताछ करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अंबेडकर जयंती पर भव्य समारोह आज, मेधावी छात्र होंगे सम्मानित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** भारतीय संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को शाम 6.30 बजे घंटाघर स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद अरुण कुमार सागर शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को ह्लडॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र सम्मानह्व से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष राम सिंह ने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# नारी वंदन सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियां सम्मानित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार में महिला कल्याण विभाग की ओर से नारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने की। यह आयोजन मिशन शक्ति 5.0 के तहत किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने महिलाओं के योगदान की सराहना की और उन्हें समाज की ताकत बताया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव और महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी अलग पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि अब गांव से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सम्मेलन में पांच महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इनमें चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. शुभ्रा दीक्षित, पत्रकारिता से रागिनी श्रीवास्तव, शिक्षा से रानू दुबे, आंगनबाड़ी से पूनम दीक्षित और खेल क्षेत्र से राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सिमरन शामिल हैं। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा सहित अन्य अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




# स्कूल चलो अभियान रैली से शिक्षा के प्रति बढ़ी जागरूकता

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** विकासखंड खुटार स्थित प्राथमिक विद्यालय सौफरी में ह्लस्कूल चलो अभियानह्व के तहत एक प्रेरणादायक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की इंचार्ज तरन्नुम द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान संतकुमार, अभिभावक रामू, गीता देवी, रामलखन, महेंद्र कुमार, राजाराम सहित कई गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के शिक्षक सोनू सिंह, सरवजीत कौर, निर्मला देवी व अन्य स्टाफ के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशिकला देवी और विजयकांति का भी विशेष सहयोग रहा। रैली का मुख्य आकर्षण छोटे-छोटे बच्चे रहे, जिन्होंने हाथों से बनाए पोस्टर-बैनर और वेस्ट अखबार से बनी टोपियां पहनकर लोगों का ध्यान खींचा। बच्चों ने ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे गांव में रैली निकालकर घर-घर जाकर शिक्षा का संदेश दिया। बच्चों के उत्साह और जागरूकता संदेश से प्रभावित होकर गांव के लोग भी रैली में शामिल होते गए और यह अभियान एक जनआंदोलन जैसा बन गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के लिए हल्के जलपान की व्यवस्था की गई। यह आयोजन शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ विद्यालय और गांव के बीच संबंध मजबूत करने में भी सफल रहा।



रैली के दौरान स्कूली बच्चे

# नगर पंचायत बोर्ड की हंगामेदार हुई बैठक में 18 करोड़ का बजट पारित

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक में चर्चा करते हुए सदस्य।

**बिलसंडा।** नगर पंचायत बोर्ड की बजट बैठक में सभासदों ने जमकर हंगामा किया। 13 महीने बाद बोर्ड की बुलाई गई बैठक को लेकर सभासद भड़क गए, हर महीने बैठक बुलाने का प्रावधान होने की बात कहते हुए सभासदों ने बैठक बुलाने में मनमानी बरतने का अधिशासी अधिकारी को जिम्मेदार ठहराते हुए सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की पेशकश तक कर दी। हालांकि हंगामे के दौरान हुई बैठक में चेयरमैन नगर के विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ का बजट पारित कराने में कामयाब रहे।

नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को बजट बैठक बुलाई गई,जिसमें सभासदों ने सबसे पहले 13 महीने बाद बोर्ड की बैठक बुलाए जाने को लेकर अधिशासी अधिकारी से पूछा कि आखिर इस अवधि में बैठक न बुलाए जाने के पीछे क्या मंशा थी,जो हर महीने बैठक बुलाए जाने के प्रावधान के बावजूद ऐसा नहीं किया गया। आखिर सभासदों को अपने वार्डों के विकास के लिए बात रखने के मौके से क्यों महरूम रखा गया। इतना ही नहीं इसको लेकर सभासदों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देने की पेशकश तक कर दी। यह अलग बात है कि बैठक का संचालन कर रहे अधिशासी अधिकारी ने सफाई देने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सभासदों ने खरी खोटी सुनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने बैठक बुलाने के लिए अध्यक्ष को जिम्मेदार ठहराने की भी कोशिश की। उधर सभासद सुनील शुक्ला ने कहा कि 25 मार्च 2025 के बाद आज पहली बैठक हो रही है।13 महीने की अवधि में तेरह बैठकें होनी चाहिए थीं ,लेकिन ऐसा नहीं किया गया।बैठक में नगर की साफ सफाई का भी मुद्दा उठाया गया।जिसमें सभासदों ने प्रत्येक वार्ड में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की भी मांग की। सभासद शालिनी जायसवाल ने अपने वार्ड पांच में डिस्को चौराहे से अखिल अग्रवाल के मकान तक सड़क निर्माण समेत कई कार्य कराए जाने का प्रस्ताव दिया। सभासद सुधांशु पाराशर ने नगर की सीमा पर स्थित गांव घनश्यामपुर के समीप हाईवे पर स्वागत द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा, जिसको अध्यक्ष ने यह कहकर स्वागत द्वारा बनवाने में असमर्थता जाहिर की। उन्होंने कहा कि शासन से ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही उसका अलग से कोई बजट ही मिलता है। अगर नगर पंचायत अपनी आमदनी से स्वागत द्वार बनवाना चाहे तो संभव है। सभासद रामकिशोर प्रजापति ने अपने वार्ड नौ का क्षेत्रफल और आबादी भी ज्यादा होने की बात कहते हुए विकास कार्यों को वरीयता देने की मांग की। उधर चेयरमैन डीके गुप्ता ने कमल पार्क के सौंदर्यीकरण के साथ ही भगवान परशुराम की विशालकाय मूर्ति स्थापित कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने नगर में बरसात के दिनों में उत्पन्न होने वाली जल भराव की भीषण समस्या से निजात दिलाने के लिए कई वार्डों में नालों का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव रखा। जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके अलावा चेयरमैन ने बताया कि नगर के पक्का तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 45 लाख, देवी स्थान मंदिर के लिए 1.33 करोड़ और कमल पार्क को विकसित कराने के लिए भी शासन से धनराशि मंजूर हो गई है। जल्द ही यह सभी कार्य शुरू करा दिए जाएंगे।



लघु सेतू पुल का शुभारंभ करते भाजपा विधायक बाबूराम पासबान। -जागरण मोर्चा

# भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने नए लघु सेतु का किया शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के ट्रांस शारदा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिद्ध नगर में एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान शुभारंभ किया। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत एनपीडीपी किमी 77 पर स्थित क्षतिग्रस्त रपटा पुल/पुलिया के स्थान पर अब 3×18 मीटर स्पान के नए लघु सेतु (पुल) और उसके पहुंच मार्ग का लागत 4 करोड़ 88 लाख के निर्माण कार्य का कार्य शुरू हो गया है। सोमवार को जिस कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना और नारियल तोड़कर पुल का शिलान्यास किया गया। भाजपा विधायक ने कहा कि

नया पुल क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा और पुराने क्षतिग्रस्त रपटे की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर देगा। उन्होंने सरकार के विकास कार्य के बारे में बताया। इस अवसर पर रामनगर मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह, कबीरगंज प्रधान इकबाल सिंह उर्फ पाला, सिद्ध नगर प्रधान महेंद्र सिंह, रामनगर प्रधान सत्यप्रकाश सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, राजकुमार सिंह, मण्डल महामंत्री युवा मोर्चा सतीश चौहान, आर्दश परिहार, अनिल गुप्ता, देवेंद्र सिंह नेगी सहित अन्य ग्राम के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# विधायक पुत्र ने भ्रमण कर लोगों की सुनी समस्याएं

**पूरनपुर।** सोमवार को भाजपा विधायक वावूराम पासबान के पुत्र रितुराज पासबान ने पूरनपुर विधान सभा क्षेत्र के कई गांवो में पहुंचे, विभिन्न ग्रामों और वार्डों में भ्रमण कर सम्मानित क्षेत्रवासियों से भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की और स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। लोगो ने अपनी समस्याओं को उनके सम्क्ष रखा। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर कहा कि भाजपा विना किसी भेदभाव के तहत काम कर रही है। हरवर्ग को योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की हत्या से खफा वकीलों का प्रदर्शन

**पूरनपुर।** अधिवक्ता की हत्या को लेकर अधिवक्ताओं में रोष है। विरोध कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मिर्जापुर के देवरी गांव के मारे गए अधिवक्ता राजीव सिंह की घटना को लेकर सोमवार को पूरनपुर में अधिवक्ता ने विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी प्रगातिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को भेजा। जिसमे कहा गया है कि अधिवक्ता की हत्या कर दी गई। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।और ना ही परिवार को मुआवजा दिया गया है। उन्होंने मांग कि है कि अधिवक्ता के परिवार को पचास लाख का मुआवजा और परिवार को सुरक्षा दी जाए। अधिवक्ता के हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। अधिवक्ताओं ने इस घटना को कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल बताते हुए कहा कि प्रदेश में वकील सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने तत्काल अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग उठाई, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। अध्यक्ष संजय सक्सेना, अजीत कुमार,सुशील कुमार ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षित नही है। अधिवक्ताओं को सुरक्षा दी जाए।

# फर्जी जमीन दिखाकर बीस लाख रुपए की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ एसपी के आदेश पर माधोटांडा पुलिस ने दर्ज किया केस




**पूरनपुर।** फर्जी जमीन दिखाकर बीस लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। पुलिस में एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रमनगरा निवासी निताई गाईन ने बताया कि रामपुर जिले के थाना बिलासपुर के अशोकनगर मानपुर ओझा करन ढाली ने अमरिया थाना क्षेत्र के गांव बेला पोखरा में स्थित जमीन अपनी बताई और उसका सौदा कर दिया। आरोप है कि उसने एक फर्जी कोर्ट रचित इकरारनामा दिखाकर कहा था कि यह जमीन बेला पोखरा निवासी बलकार सिंह व हरविंदर सिंह से खरीदी है। इस पर विश्वास करके पीड़ित से 20 लाख रुपए ले लिया। पीडित ने यह रुपये कई लोगों से लेकर उसको दिए थे। तीन लाख पचास हजार रुपये करन ढाली की पत्नी शिल्पी सरकार ने अपने खाते में डलवाया था। जिसके एवेज में करन ढाली ने प्रिया के खाते का बीस लाख रुपये का चेक 23-10-2025 को गोपाल अधिकारी के नाम से पीड़ित को देकर कहा था कि जमीन की रजिस्ट्री तुम लोगों के नाम ना करा सकू तो चेक से 20 लाख रुपए का भुगतान ले लेना। पीड़ित को पता चला कि जो जमीन करन डाली ने दिखाई तो उसकी भूमि नहीं है और ना ही उसने खरीदी है। जब उसने रुपए वापस करने के लिए कहा तो टालमटोल करने लगा। पीड़ित ने गोपाल अधिकारी के द्वारा चेक भुगतान लेने के लिए बैंक में जमा किया। लेकिन खाते में धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। आरोप है कि तीनो ने मिलकर फर्जी दस्तावेज दिखाकर धोखाधड़ी करके 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ठग लिए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना शुरू कर दी गई है।

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
जगजीत सिंह उर्फ हीरा
कुरैया कलां बिलसंडा

खालसा प्रकट दिवस लख-लख बधाइयां
डा. गुरदयाल सिंह
नि. फिरसाह चुराह
बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
स. मनदीप सिंह
वरिष्ठ पत्रकार
नि. शीतलपुर (बिलसंडा)

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
Happy Baisakhi
स. हरनेक सिंह
बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
गुरु नानक क्लीनिक एंड एक्स-रे सेंटर
डॉ. अर्शदीप सिंह
गोला रोड, बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
मंजीत सिंह फार्मर एवं पूर्व प्रधान
ग्राम पंचायत फिरसाह चुराह बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
हरजीत सिंह
फार्मर एवं पूर्व प्रधान
ग्राम पंचायत चठिया
हिल्गी, बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
ग्राम पंचायत कुरैया कलां बिलसंडा
श्रीमती मनजीत कौर ग्राम प्रधान
श्री गुलाब सिंह प्रधान पति

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
स. लखविंदर सिंह
वरिष्ठ सपा नेता
पुत्र श्री गुरमुख सिंह पन्नू
घनश्यामपुर बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
गुरु नानक खाद भंडार
बिलसंडा
प्रो दलराज सिंह उर्फ राजू

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
गुरविंदर सिंह
फार्मर एवं पूर्व प्रधान
ग्राम पंचायत टकिया जलालपुर बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
अमन बैंकट हॉल
बिलसंडा
आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित
प्रो. दिलबाग सिंह

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
बाठ बिल्डिंग मैटेरियल
बलविंदर सिंह 'पप्पू'
गुरप्रीत सिंह 'गोपी'

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
अमनदीप सिंह
फार्मर
ईसापुर, बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
उत्तम शिक्षा का एकमात्र स्थान
गुरुतेग बहादुर इंटर कॉलेज
मरौरीखास, बिलसंडा
गुलजार सिंह प्रबंधक
गुलशन कुमार प्रधानाचार्य

वैशाखी पर्व पर लख-लख बधाईयां
श्रीमती रविंद्र कौर पत्नी जगजीत सिंह उर्फ राजा
प्रधान ग्राम पंचायत नगरिया तिलागिरि

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
गुरबक्श सिंह बादल
फार्मर एवं प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत नगरासा बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
अंग्रेज सिंह
फार्मर एवं ब्लॉक अध्यक्ष
राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन
फार्म हाउस झम्पा बाग, बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
बलकार सिंह
फार्मर एवं पूर्व प्रधान
ग्राम पंचायत कुरैया कलां,
फार्म हाउस ईसापुर, बिलसंडा

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
सीमेंट ,सरिया, मौरंग ,बजरी समेत बिल्डिंग मैटेरियल के विक्रेता
सरदार दीवान सिंह एंड संस
तिलछी चौराहा करेली रोड बिलसंडा
प्रो सुखदेव सिंह

बैसाखी पर्व पर लख-लख बधाइयां
सुहेल सिंह
फार्मर
मधवापुर मरौरी
बिलसंडा

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।



## अक्षय-राजपाल ने लूटा मजमा असरानी को देख लोग भावुक

मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी पूरे 14 साल बाद लौट आई है 'भूत बंगला' के साथ। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस में जैसे खुशी दौड़ गई हो। भूत बंगला, में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नजर आएंगे। एक जबरदस्त कहानी और सुपर फनी मोमेंट्स के साथ यह ट्रेलर असली लाफ्टर रायट है। अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की 'गोल्डन तिकड़ी' के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है। जहां 'भूत बंगला' के टीजर ने सिर्फ माहौल बनाया था।

लाइफ Style



# सारा

## धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'धुरंधर 2' की कामयाबी से आदित्य धर के साथ उनकी पत्नी यामी गौतम भी खुश हैं। उन्होंने धुरंधर 2 की लीड एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ की है। उन्होंने युवा अभिनेत्री के अभिनय और लगन की जमकर सराहना की है।

सारा अर्जुन ने धुरंधर 2 में बेहतरीन काम करने के लिए पूरी टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। हाल ही में सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म के सेट के पीछे की तस्वीरें शेयर की। एक लंबे नोट में, उन्होंने आदित्य धर, प्रोडक्शन हाउस, कॉस्ट्यूम डिजाइनरों, कास्टिंग डायरेक्टर, एडिटर, सिनेमैटोग्राफर और फिल्म पर काम करने वाले हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन इन शब्दों के साथ किया, 'एक्टर पोस्टर पर दिखने वाले चेहरे होते हैं, लेकिन आप इस सिनेमा की रीढ़ हैं। धुरंधर की पूरी टीम का धन्यवाद।' इस पोस्ट पर यामी गौतम ने कमेंट किया। उन्होंने सारा की तारीफ की। उन्होंने लिखा 'तुम ही आज और कल हो, सारा... तुमने जो किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' इस पोस्ट पर सारा अर्जुन ने रिप्लाई करते हुए लिखा 'आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' सारा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए आदित्य धर ने लिखा 'जिस तरह से आप चीजों को महसूस करती हैं, उसमें एक हिम्मत है। जिस तरह से आप दुनिया को दिखाती हैं, उसमें गरिमा है।

हॉलीवुड मसाला



## मास्टर्स ऑफ... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। द मोस्ट पावरफुल मैन इन द यूनिवर्स, ही-मैन, मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का धमाकेदार नया ट्रेलर पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। कई महीनों की उम्मीद और फैंस को टीज करने के बाद, अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने आखिरकार मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का नया ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो पॉप कल्चर की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक को भव्य अंदाज में बड़े पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रैविस नाइट द्वारा निर्देशित, यह फिल्म इस आइकॉनिक कहानी को एक लाइव-एक्शन साइ-फाई एक्शन एडवेंचर के रूप में फिर से पेश करती है।



## जापान में होगा क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स का आयोजन

लॉस एंजिल्स। 'क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 23 मई को जापान के टोक्यो में होने वाला है। यह दसवां वार्षिक समारोह है। इसमें दुनियाभर की कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसी के साथ भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इसमें प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। इस अवॉर्ड की अलग-अलग कैटेगरी में दुनियाभर की कई फिल्मों और सीरीज को नामांकन मिला है। 'गाचियाकुटा', 'द रोज ऑफ वर्साय' और 'समर हिकारू डाइड' को नामांकन मिला है। विजेताओं का ऐलान 23 मई को किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के दसवें एडिशन में एनीमे ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में डैन डा डैन' सीजन 2, गाचियाकुटा, 'माई हीरो एकेडेमिया, टाकोपीज ओरिजिनल सिन, द अपॉथेकरी डायरीज' सीजन 2 और द समर हिकारू डाइड शामिल हैं।



## शेयर किया अपनी फिटनेस सीक्रेट

मुंबई। मलाइका अरोड़ा 52 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस कमाल की है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना फिटनेस सीक्रेट फैंस के साथ शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत भी करती हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में सोफी चौधरी के फिटनेस शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में नजर आईं। दोनो ने जिम में खूब एक्सरसाइज की। साथ ही फिटनेस को लेकर बातचीत भी की है। वह बताती हैं कि अपनी बॉडी की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही प्रैक्टिकल होकर फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। मलाइका कहती हैं, बस इसे एक बैज की तरह पहनें। ग्रेसफुली उम्र को बढ़ने दें। इसमें ज्यादा न उलझें। यह तो बस एक नंबर है। आप किसी भी उम्र के हों, चाहे 20 के या 60 के, आप कमाल के हैं।



## 84 की उम्र में कसरत करते आए नजर

मुंबई। दिग्गज अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं। रंजीत की बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे। यह सुनते ही रंजीत हंस पड़े। और बोले, 'तो ऐसे बोलो ना।' फिर रंजीत पूरी एनर्जी के साथ, अपने पुराने बॉलीवुड स्टाइल में एक्सरसाइज करने लगते हैं।

टीवी मसाला



## इटली की पॉपुलर सीरीज पर बना है नया शो 'हुई गुम यादें'

नई दिल्ली। सोनी सब का नया शो 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' 6 अप्रैल रात 8 बजे से हो गया है। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी (डॉक)- नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी – हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और जिंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताकत की। इस शो में मशहूर कलाकार इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह नजर आएंगे। यादें का सफर एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मकसद को फिर से खोजने की कोशिश करता है। कहानी के केंद्र में है डॉ. देव मेहता, जिसे इकबाल खान निभा रहे हैं। देव एक बेहद होनहार डॉक्टर है, जिसकी जिंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे में उसकी आठ साल की यादें मिट जाती हैं। अपने अतीत और बनाई हुई जिंदगी से वंचित, देव को अब अनजाने रास्तों पर चलना पड़ता है और उस शख्सियत का सामना करना पड़ता है जिसे वह खुद भी याद नहीं कर पाता. इसके बाद शुरू होती है एक गहरी और भावनात्मक यात्रा – जहां देव अपने करियर को फिर से संवारता है, टूटे रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करता है और डॉक्टर होने के साथ-साथ इंसानियत को और ज्यादा अपनाता है। यह सफर उसे जिंदगी और इलाज दोनों को नए नजरिए से देखने की ताकत देता है।

### 90 के दशक में दूरदर्शन पर पॉपुलर था ये शो

नई दिल्ली। आज सोशल मीडिया के जमाने में किसी शो की पॉपुलैरिटी लाइक, शेयर और कमेंट से मापी जाती है, लेकिन 90 के दशक में कहानी बिल्कुल अलग थी। उस समय दर्शकों का प्यार कागज पर उतरता था और पोस्टकार्ड के जरिए टीवी तक पहुंचता था। लोग अपने पसंदीदा शो में नाम दिखाने के लिए उत्साह से चिट्ठियां भेजते थे। उसी दौर में एक ऐसा शो आया, जिसने दर्शकों की दीवानगी का ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं सुरभि की, जिसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे होस्ट करते थे। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ काक ने बताया कि शुरुआत में शो को सामान्य रिस्पॉन्स मिला। पहले कुछ महीनों में सिर्फ 10 से 200 तक चिट्ठियां आती थीं।



## चांद मेरा दिल की पहली झलक आई सामने, इश्क में डूबे लक्ष्य-अनन्या

मुंबई। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की पहली झलक सामने आई है। दोनों सितारे एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं। यह एक इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे को लेकर करण जौहर 'चांद मेरा दिल' बना रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोमवार को इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। बीते दिन उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि वे आरव (लक्ष्य) और चांदनी (अनन्या पांडे) से मिलवाएंगे। सोमवार को उन्होंने फिल्म के पोस्टर्स रिलीज किए हैं, साथ ही कहानी की थोड़ी झलक भी दी है। लक्ष्य और अनन्या रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म की कहानी का मर्म लिखा है। इसमें लिखा है, 'प्यार में पड़ना आसान है। आगे बढ़ना मुश्किल है। जिंदगी जब सिलेबस बदल देती है। जब जिंदगी प्यार से भी तेज भागती है। हर मोहब्बत को दूसरा मौका नहीं मिलता'। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई को रिलीज होगी। पोस्टर्स पर नेटिजंस रिएक्ट कर रहे हैं। एक दिन पहले जिस अंदाज में एलान किया गया था, उसके हिसाब से अधिकांश यूजर्स टीजर की उम्मीद लगाए बैठे थे। यूजर्स लिख रहे हैं, 'टीजर कब आएगा'? पोस्टर्स को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। लक्ष्य को नेटिजंस सकारात्मक रिएक्शन दे रहे हैं, वहीं अनन्या को ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यूजर्स लक्ष्य को सुझाव दे रहे हैं कि वे अनन्या से दूर रहें। कुछ यूजर्स फिल्म के प्रति उत्साह जाहिर कर रहे हैं।



## 83 की उम्र में भी एक्टिव हैं बिग बी, इन फिल्मों से सिनेमाघरों में मचाएंगे धूम...

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2026 और 2027 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं, जिसमें साइंस फिक्शन, थ्रिलर, कोर्टरूम ड्रामा और मिथोलॉजिकल फिल्में शामिल हैं। 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके अमिताभ बच्चन का फिल्मी कॅरियर 83 की उम्र में भी जारी है। अमिताभ इस उम्र में भी इतनी मेहनत करते हैं कि फैंस हैरान हैं। इसके बावजूद उनका कहना है कि वह एक दिन भी काम न करें तो बोर जो जाते हैं। जबकि बिग बी 2026 और 2027 की कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

**कल्कि 2 :** 'कल्कि 2' 2024 की साइंस-फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल है। 'कल्कि 2' में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में वापसी करेंगे। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स हैं। यह भविष्य और मिथोलॉजी को मिलाकर बनी एक साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म इस साल रिलीज हो सकती है। हाल ही में बिग ने 'कल्कि 2' की शूटिंग खत्म होने को लेकर एक पोस्ट एक्स पर शेयर किया था।

**ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव :** 'ब्रह्मास्त्र पहला भाग-शिवा' की दूसरी किस्त 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव' है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक गुरु की भूमिका निभाई है। यह मिस्टिकल और एक्शन से भरी फिल्म है। 'ब्रह्मास्त्र' हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली और दिव्य अस्त्र 'ब्रह्मास्त्र' पर आधारित है। इस फिल्म में बिग बी के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपनी भूमिका को दोहराएंगे।



**सेक्शन 84 :** सेक्शन 84 एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। अमिताभ बच्चन इसमें एक मजबूत और गंभीर किरदार निभा रहे हैं। कहानी कानून, न्याय और इमोशंस पर आधारित है। यह फिल्म 19 नवंबर को रिलीज हो सकती है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में निमरत कौर, अभिषेक बनर्जी और डायना पेंटी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**रामायण: पार्ट 1 :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमिताभ बच्चन फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में जटायु का वॉइसओवर या फिर रोल में नजर आएंगे। हालांकि, इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। 'रामायण: पार्ट 1' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल और यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अगर बिग बी 'रामायण: पार्ट 1' में नजर आते हैं, तो वह 'रामायण: पार्ट 2' का हिस्सा भी होंगे, जो दिवाली 2027 में रिलीज होगी।

### दर्शकों को घर बैठे मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज

## इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सिनेमाघरों में इस वीक डकैत रिलीज होने जा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी कई फिल्मे और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। सोमवार से एक नए वीक की शुरुआत हो चुकी है। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' की धूम मची है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होने जा रही हैं। मगर, जिन्हे घर बैठे ओटीटी पर कुछ शानदार देखना है, उनके लिए भी कई दिलचस्प विकल्प हैं। इस वीक यानी 12 अप्रैल तक ओटीटी पर भी दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलने वाला है।*

**ओ रोमियो :** शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' भी थिएटर्स के बाद ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**तू या मैं :** यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। दर्शक इसे 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**थाई किझावी :** यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। थाई किझावी ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है और इसे 10 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**यूफोरिया सीजन 3 :** हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूफोरिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।




**थ्रैश :** यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इस वीक की ओटीटी लिस्ट में यह भी शामिल है। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं। 'थ्रैश' फिल्म 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**स्टार वॉर्स-मॉल - शैडो लॉर्ड :** यह एक साइंस फिक्शन सीरीज है। इसके जरिए दर्शकों के लिए 'डार्थ मॉल' की कहानी रिलीज हो रही है। यह आज सोमवार 06 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। डेव फिलोनी द्वारा निर्मित यह 10 एपिसोड की सीरीज है।




**द बॉयज सीजन 5 :** यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 08 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

# नोएडा हिंसा : मजदूर- उद्योग विवाद सुलझाने को बनी हाई लेवल कमेटी



**नोएडा।** नोएडा में वेतन वृद्धि और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर फैक्टरी कर्मियों द्वारा हिंसक प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत एक बड़ा कदम उठाते हुए मजदूरों और उद्योगों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में पहल की है।

**उच्च स्तरीय समिति का गठन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।

**इनको सौंपी गई समिति की कमान**

गठित समिति की कमान औद्योगिक विकास आयुक्त को सौंपी गई है। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई) और प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन को भी इसमें सदस्य बनाया गया है। खास बात यह है कि समिति में श्रमिक संगठनों के पांच प्रतिनिधियों और उद्योग संगठनों के तीन प्रतिनिधियों को शामिल कर सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

**ये होगा समिति का काम**

सरकार का मानना है कि यह समिति संवाद और आपसी सहमति के जरिए विवादों को सुलझाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और औद्योगिक माहौल स्थिर बना रहे।

नोएडा में कर्मचारियों की क्या हैं मांगे

नोएडा-ग्रेटर नोएडा की गारमेंट फैक्ट्रियों में कार्यरत कर्मचारी हरियाणा के नवीनतम मजदूरी दरों (15,220 रुपए-18,500+ रुपए) के अनुसार वेतन की मांग कर रहे हैं, ताकि बढ़ती महंगाई के बीच वे अपना गुजारा कर सकें। वेतन में अनियमितता इसके आंदोलन का मुख्य कारण है, एक ही कार्य के लिए किसी कर्मचारी को 15 हजार तो किसी को 16 हजार और किसी को कुछ और वेतन दिया जाता है।

# बिहार में पहली बार भाजपा का सीएम, शपथ ग्रहण में पीएम मोदी भी आएंगे



एजेंसी समाचार

**पटना।** बिहार को 15 अप्रैल को पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपना मुख्यमंत्री देने जार रही है। लोकभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी तैयारी चल रही है। बिहार लोकभवन में आज राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा की अध्यक्षता में पटना जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें पटना के प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम, एसएसपी, सारे एसपी, एडीएम और एसडीएम शामिल हुए। 15 अप्रैल को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। सुबह 11 बजे नए सीएम शपथ लेंगे। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए सारी तैयारी चल रही है। मंगलवार दोपहर तक सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी।

पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, राजभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पीएम मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वह लोक भवन में ही रुकेंगे। लोकभवन में सारी तैयारियां चल रही है। लोकभवन के आसपास की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सड़क पर बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

सूत्र बता रहे हैं कल कैबिनेट की बैठक खत्म करने के बाद सीएम नीतीश कुमार अपनी पार्टी के विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर साढ़े तीन राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि 14 अप्रैल को पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सबकुछ तय कार्यक्रम के अनुसार ही चल रहा है।भाजपा की बैठक के बाद एनडीए के विधायक दल के नेताओं की बैठक होगी। इसमें सभी विधायक भाजपा की ओर से तय किए गए चेहरे पर अपनी स्वीकृति देंगे।

## गए सुहावने दिनः सूरज की तपिश से चढ़ने लगा पारा

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब दिल्ली-एनसीआर में तेज धूप देखने को मिलेगी इससे तापमान में बढ़ोतरी होगी। 14 से 16 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 37-40 डिग्री के बीच रह सकता है। दिल्ली-एनसीआर में अप्रैल के शुरूआती दिनों में मौसम सुहावना रहा है। अधिकतम तापमान ने अब तक 40 डिग्री का आंकड़ा नहीं हुआ। केवल दो अप्रैल को अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो कि इस सीजन का सबसे अधिक तापमान था। सात व आठ अप्रैल को हुई बारिश के बाद अब तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है और सूरज की तपिश तेज हो रही है। इस कारण से वीकेंड तक पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। सफदरजंग मानक केंद्र में शनिवार व रविवार को अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जबकि न्यूनतम तापमान 18.6 और 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जो कि सामान्य से तीन डिग्री नीचे ही चल रहा है। अब मौसम के गर्म होने की संभावना बन रही है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में कोई नया पश्चिमी विक्षोभ दस्तक नहीं दे रहा इस कारण से मौसम गर्म व शुष्क रहेगा। मौसम विभाग की माने तो वीकेंड पर 17, 18, 19 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39-41 डिग्री के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री के बीच रहेगा। दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# किसने लगाई झुग्गियों में आगः 19 आशियाने जलकर राख, सभी वोट देने गए हैं असम; बच्चा बना विलेन या है कोई साजिश

एजेंसी समाचार

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ थाना देहात क्षेत्र के मोहल्ला कोटला सादात में सोमवार की दोपहर 19 झुग्गियों में अचानक आग लग गई। मोहल्लेवासियों ने झुग्गियों में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने झुग्गियों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

मोहल्ला कोटला सादात टंकी के पास काफी संख्या में असम के लोग पिछले काफी समय से झुग्गी झोपड़ी डालकर यहां रह रहे हैं। ये सभी लोग असम में हो रहे विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए गए हुए थे। यहां बनी सभी झुग्गियां खाली पड़ी हुई थीं। बताया



जा रहा है कि सोमवार की दोपहर करीब एक बजे एक छोटा बच्चा झुग्गियों के पड़े कूड़े के पास खेल रहा था और उसके पास माचिस बताई जा रही थी। किसी तरह बच्चे से यहां पड़े कूडे में आग लग गई।

कूड़े की आग ने देखते ही देखते आसपास बनी करीब 19 झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। झुग्गियों में आग लगती देख मोहल्लेवासियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद मोहल्लेवासियों ने आग लगने की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। आग लगने की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मी भी दो गाड़ियों के साथ यहां पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने से झुग्गियों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

अग्निशमन विभाग के एचसीपी नरेंद्र कुमार ने बताया कि दमकलकर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था। करीब 19 झुग्गियों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली।

## चंबल में खनन माफिया को लेकर मोहन सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

एजेंसी समाचार

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश में अवैध रेत खनन को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे चौंकाने वाली स्थिति और राज्य सरकार की नाकामी बताया। अदालत ने यह टिप्पणी उस घटना पर की जिसमें एक वन रक्षक की मौत हो गई और चंबल नदी पर बने पुल के खंभों की नींव तक अवैध खनन माफिया द्वारा खोदी जा रही है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि या तो राज्य सरकार अवैध खनन रोकने में पूरी तरह विफल रही है या फिर यह सब उसकी मिलीभगत से हो रहा है।

अदालत ने कहा कि पुल की नींव खोदी जा रही है। अगर पुल गिर गया तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? तस्वीरें खुद ही सब कुछ बयां कर रही हैं। वन अधिकारियों को रेत माफिया कुचल रहे हैं, यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। पीठ ने आगे कहा कि यह सब सरकार की नाक के नीचे हो रहा है और पूछा कि जब आपके पास रोकने के साधन ही नहीं हैं तो राज्य सरकार का अस्तित्व क्यों है? यह मामला ह्यनेशनल चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन और जलीय जीवों पर खतरेह्न से जुड़ा स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) केस है। अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता निखिल गोयल ने बताया कि यह पुल 32 खंभों पर बना है और मध्य प्रदेश-राजस्थान को जोड़ता है, लेकिन खनन माफिया इसकी नींव तक खोद रहे हैं।

# प्रदेश में पहली बार हुआ हृदय प्रत्यारोपण, दिल्ली की डोनर का दिल एंबुलेंस से पहुंचा लखनऊ

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** संजय गांधी पीजीआई ने चिकित्सा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान में प्रदेश का पहला हृदय प्रत्यारोपण किया गया। दिल्ली निवासी डोनर से प्राप्त दिल ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लखनऊ लाया गया। यहां सीतापुर निवासी व्यक्ति को यह दिल प्रत्यारोपित किया गया।

संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया कि संस्थान में हृदय प्रत्यारोपण की तैयारी पहले ही की जा चुकी थीं। डोनर न होने की वजह से अभी तक इसकी शुरूआत नहीं हुई थी। दिल्ली निवासी व्यक्ति के परिवार वालों ने ब्रेन डेड होने के बाद उसके अंगदान करने का फैसला किया था। अंगदाता के अन्य अंग, लिवर और गुर्दे, दिल्ली में ही प्रत्यारोपित किए गए। हृदय को त्वरित एयर एंबुलेंस के माध्यम से लखनऊ लाया गया, जिसके बाद ग्रीन कॉरिडोर का उपयोग किया गया। यह दिल डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी नामक हृदय की मांसपेशियों की बीमारी से पीड़ित मरीज को प्रत्यारोपित किया गया। प्रत्यारोपण के बाद मरीज की हालत सामान्य है।

एयर एंबुलेंस से लखनऊ लाया गया दिल, पांच घंटे चला ऑपरेशन

निदेशक ने बताया कि दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में दिल दान में मिलने की सूचना शनिवार को मिली थी। इसके बाद देखा गया कि किस मरीज को इसे प्रत्यारोपित



किया जा सकता है। संयोग से सीतापुर निवासी मरीज इसके लिए उपयुक्त पाया गया। ऐसे में प्राइवेट एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल लखनऊ लाया गया। एयरपोर्ट से संस्थान की दूरी ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तय की गई। रविवार सुबह नौ बजे प्रत्यारोपण शुरू किया गया। करीब पांच घंटे चले ऑपरेशन के बाद प्रत्यारोपण पूरा हुआ।

निदेशक ने बताया कि इस प्रक्रिया ने र्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीवीटीएस)विभाग, कार्डियोलॉजी विभाग, एनेस्थीसिया विभाग, राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन और दिल्ली के आरएमएल अस्पताल की टीमें शामिल थीं। आरएमएल अस्पताल ने दिल्ली से अंग के सुचारू स्थानांतरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संस्थान की इस उपलब्धि पर बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि इदय प्रत्यारोपण कार्यक्रम का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे सभी की उन्नत उपचार तक पहुंच बढ़ेगी और राज्य भर में रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में पहले सफल हृदय प्रत्यारोपण की उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी और इसे राज्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने कहा कि आने वाले दिनों में संस्थान प्रत्यारोपण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान बनाएगा।

सीवीटीएसः प्रोफेसर एस के अग्रवाल, प्रोफेसर शांतनु पांडे, प्रोफेसर मिलिंद होते, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ मुंशी, डॉ सिद्धार्थ, डॉ अरीब, डॉ अवनींद्र, डॉ सौरभ, डॉ विवेक, डॉ हर्ष कार्डियोलॉजीः प्रोफेसर आदित्य कपूर, प्रोफेसर रूपाली खन्ना, प्रोफेसर सत्येन्द्र तिवारी, डॉ अंकित साहू

एनेस्थीसियाः प्रोफेसर पुनीत गोयल, डॉ अमित रस्तोगी, डॉ पल्लव सिंह, डॉ नितिन त्रिवेदी, डॉ आनंदिता कश्यप, डॉ मलिका धवल, डॉ श्रद्धा गंगेले, प्रोफेसर संजय धीरज, प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता

परफ्यूजनिस्टः राज कुमार यादव, संदीप कुमार नर्सिंग स्टाफः कलावती पाल, अरविंद, श्वेता, प्रेमलता, नमन, कुलदीप

# देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे: दिल्ली तक का रास्ता तीन घंटे में नापेंगी वॉल्वो व एसी बसें, कल से होगा ट्रायल

एजेंसी समाचार

**देहरादून।** देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर मंगलवार से वॉल्वो



और एसी बसें फरार्टा भरेंगी। ये बसें तीन घंटे में देहरादून से दिल्ली की दूरी तय करेंगी। पहले चरण में आठ वॉल्वो, छह एसी और एक साधारण बस को एक्सप्रेसवे से भेजा जाएगा।

शुरूआत में बसों का ट्रायल किया जाएगा। इससे समय और कुल खर्चे का आकलन होगा। इसके आधार पर इन बसों के किराये में भी कटौती की जा सकती है। गौरतलब है कि मंगलवार को दून-दिल्ली एक्सप्रेसवे का औपचारिक रूप से उद्घाटन हो जाएगा।

प्रधानमंत्री बनने के बाद 28वीं बार उत्तराखंड आ रहे मोदी, देवभूमि से कर्म और मर्म का रिश्ता-सामान्य रास्ते से दून से दिल्ली की दूरी करीब 260 किलो मीटर थी। एक्सप्रेसवे बनने के बाद यह दूरी घटकर करीब 210 किलोमीटर हो गई है। जहां पुराने मार्ग से रोडवेज बसों को दिल्ली पहुंचने में पांच घंटे लगते थे लेकिन अब यह समय घटकर तीन घंटे हो गया है।

बसों के संचालन के बाद कुछ दिनों तक व्यय का आकलन किया जाएगा। ग्रामीण डिपो के सहायक महाप्रबंधक प्रतीक जैन ने बताया कि एक्सप्रेसवे से बसों के संचालन से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। पहले चरण में 15 बसें भेजी जाएंगी। दूसरे चरण में बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# अनिवार्य टीईटी के विरोध में पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर सोमवार को पूरे प्रदेश में शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए मशाल जलाई। शिक्षकों व कर्मचारियों ने मशाल जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजकर शिक्षकों को राहत देने की मांग की।




राजधानी लखनऊ में बीएन सिंह की प्रतिमा के पास से शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकाला। नो टीईटी बिफोर आरटीई की तख्तियां लिए शिक्षकों ने 2017 में गोपनीय तरीके से किए गए टीईटी अनिवार्यता के संशोधन को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि 25 साल की लंबी सेवा करने के बाद अब वे परीक्षा देने की स्थिति में नहीं हैं। उनके रोजगार पर लटकी तलवार को हटाया जाए। जिलों में भी शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में मशाल जलाई।

महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडेय व विजय कुमार बंधु ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षकों व कर्मचारियों पर अव्यवहारिक नियम थोप रही है, जिससे उनका मनोबल गिर रहा है। टीईटी की अनिवार्यता, पेंशन समाप्त करना, निजीकरण और सेवा शर्तों में लगातार हो रहे बदलाव जैसे मुद्दे आज पूरे शिक्षक व कर्मचारियों के लिए चिंता का विषय है।

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, टीएससीटी के संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद ने कहा कि सरकार टेट अनिवार्यता को तत्काल समाप्त करे। पुरानी पेंशन बहाल कर शिक्षकों व कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करे। जुलूस में अनिल यादव, दिलीप चौहान, हरिशंकर राठौर, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी मिश्रा, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह आदि शामिल थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413